# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 214 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 19 अगस्त 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# दोहरे हत्याकांड में 2 आरोपियों को आजीवन कारावास

## पुलिस की वैज्ञानिक विवेचना और 16 गवाहों की गवाही से मिली सजा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के थाना दरिमा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हरता में गत वर्ष हुए बहुचर्चित पति-पत्नी हत्याकांड में द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, अंबिकापुर के न्यायालय ने 14 अगस्त 2026 को बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने मामले के दोनों आरोपियों को दोहरे हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

मामला थाना दरिमा के अपराध क्रमांक 159/2025 से संबंधित है। घटना 22-23 अक्टूबर 2025 के दरम्यानी रात ग्राम कुम्हरता घाघी में हुई थी। 23 अक्टूबर की सुबह सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रीमा लकड़ा और उनकी पत्नी जुली लकड़ा उर्फ उर्मिला के शव को घर की परछी में बरामद किया।



प्रारंभिक जांच में दोनों की हत्या की पुष्टि हुई और घर से बकरियां भी गायब मिलीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल स्वयं घटनास्थल पहुंचे और साक्ष्य एकत्रित करने के निर्देश दिए।

### *ऐसे हुआ खुलासा*

विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेही करीमन मझवार, पिता स्व. कमल साय 42 वर्ष व जय श्याम पिता लखन राम 28 वर्ष, द्वय निवासी पम्पापुर को हिरासत में लिया। आरोपियों के मेमोरेण्डम कथन पर घटना में प्रयुक्त टांगी बरामद की गई। आरोपियों के खून लगे शर्ट, घटनास्थल से खून मिश्रित मिट्टी, मृतकों के कपड़े और अन्य साक्ष्य जब्त कर एफएसएल भेजे गए। विवेचना वर्तमान थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश खलखो द्वारा की गई। विवेचना पूर्ण होने पर 14 दिसंबर 2025 को आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पत्र पेश किया गया। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) दो बार, धारा 3(5) और धारा 332(क) के तहत आरोप तय हुए।

### कोर्ट में 16 गवाह, 46 साक्ष्य

अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में मामले को मजबूत तरीके से रखा। 16 महत्वपूर्ण गवाहों के बयान और 46 आर्टिकल साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए गए। परिस्थितिजन्य एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने दोनों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास सुनाया। न्यायालय ने मृतकों के उत्तराधिकारियों को क्षतिपूर्ति की अनुशंसा भी की।

### आईजी ने पारितोषिक देने की घोषणा

दोहरे हत्याकांड में न्यायालय का यह फैसला पुलिस की प्रभावी विवेचना, साक्ष्यों के वैज्ञानिक संकलन और अभियोजन की मजबूत पैरवी का परिणाम है, जिसने जघन्य अपराध के आरोपियों को कानून के शिकंजे तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा द्वारा पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज से विवेचक थाना प्रभारी दरिमा एवं सहायक स्टाप को उचित पारितोषिक प्रदान करने की अनुशंसा की गई थी। सरगुजा पुलिस की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा द्वारा प्रकरण के विवेचना अधिकारी निरीक्षक राजेश खलखो तथा विवेचना में सहायक रहे दरिमा स्टॉफ के उत्साहवर्धन हेतु उचित पारितोषिक प्रदान करने की घोषणा की है।

### थाना प्रभारी के उत्कृष्ट विवेचना की प्रशंसा

डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल ने न्यायालय के निर्णय को महत्वपूर्ण बताया एवं मामले के विवेचक थाना प्रभारी दरिमा निरीक्षक राजेश खलखो के उच्च दक्षता एवं उत्कृष्ट विवेचना की प्रशंसा की।

# अंबिकापुर में मानसूनी बारिश 900 मिमी पार, बारिश से बेहाल हुआ शहर

## पोस्ट ऑफिस रोड में पेड़ गिरा, मालवाहक वाहन क्षतिग्रस्त, कोई जनहानि नहीं

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ में मानसून पूरी रफ्तार से सक्रिय है। अम्बिकापुर मौसम कार्यालय द्वारा जारी 18 अगस्त के स्टेशनवार वर्षा आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक 900 मिमी के नजदीक वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो मौसमी औसत का लगभग 74 प्रतिशत है। बीते 24 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश हुई, वहीं मौसम विभाग ने अगले 2 से 3 दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इधर घुनघुट्टा बांध में तीन गेट खोल दिए गए हैं।



लगातार हो रही बारिश ने अंबिकापुर शहर के जनजीवन को प्रभावित कर दिया है, सड़कों और निचले इलाकों में पानी भरने जैसी बातें सामने आ रही हैं। इसी बीच शहर के पोस्ट ऑफिस रोड में लगातार बारिश और तेज हवा के चलते सड़क किनारे लगा एक विशाल पेड़ अचानक उखड़कर गिर गया। पेड़ एक मालवाहक वाहन के ऊपर जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पेड़ गिरने से वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कुछ समय के लिए पोस्ट ऑफिस रोड पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे लोगों ने पेड़ को हटाने में मदद की। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई। वाहन चालक और आसपास मौजूद लोग सुरक्षित बच गए। लगातार बारिश के कारण पेड़ गिरने और जलभराव की आशंका बढ़ गई है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि खराब मौसम में अनावश्यक रूप से घरों से न निकलें और पेड़ों के नीचे वाहन खड़ा न करें। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में जिले में भारी बारिश की संभावना जताई है।

### *बारिश के आंकड़े*

18 अगस्त को सुरगुजा संभाग में अंबिकापुर में 51.5 मिमी, बतौली में 24.5 मिमी, दरिमा में 27.8 मिमी, लखनपुर में 26.0 मिमी, लुंड्रा में 19.3 मिमी, मैनपाट में 19.5 मिमी, सीतापुर में 41.0 मिमी और उदयपुर 28.8 मिमी वर्षा दोपहर तक दर्ज की गई है। जिले में सबसे अधिक बारिश सीतापुर में दर्ज की गई। तापमान में भी गिरावट देखी गई, अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री और न्यूनतम 22.7 डिग्री रहा। सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले में भी अच्छी बारिश हुई। यहां भटगांव में 92.7 मिमी और बिहारपुर में 92.0 मिमी बारिश दर्ज किया गया। कई स्थानों पर 50 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई।

### *मौसम विभाग का अलर्ट*

भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली द्वारा उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे पश्चिम बंगाल-उत्तरी ओडिशा तट पर बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण गंगा के मैदानी इलाकों वाले पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मध्य पूर्वानुमान में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ में 19 अगस्त तक और 22-23 अगस्त के दौरान व्यापक बारिश हो सकती है। इस बीच कहीं-कहीं आंधी-तूफान और बिजली गिरने की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून ट्रफ का पश्चिमी सिरा सामान्य से उत्तर की ओर है और शियर जोन मध्य व उससे सटे उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत पर बना हुआ है। इसी वजह से प्रदेश में नमी युक्त हवाएं आ रही हैं और बारिश का सिलसिला जारी है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि अब तक हुई बारिश से धान की फसल को लाभ मिलेगा।

## करैत के दंश से दुधमुंहे के साथ सोई महिला की हुई मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पत्नि ने शरीर में जलन और दर्द की शिकायत की, तो पति मालिश किया। राहत नहीं मिलने पर वह अपनी मां को उठाकर बाहर निकला तो करैत सांप सामने था।

जानकारी के मुताबिक, सूरजपुर जिला के रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ी नीमपारा की चंदा साहू पिता सुरेश कुमार साहू 24 वर्ष, 17 अगस्त की रात को खाना खाने के बाद अपने 18 दिन के बच्चे के साथ सो रही थी। देर रात करीब पौने 3 बजे उसे शरीर में जलन और दर्द होने लगा और वह बेचैनी महसूस कर रही थी। इसकी जानकारी वह अपने पति को दी। पत्नि की तकलीफ को देखकर पति सुरेश मालिश किया, लेकिन उसकी बेचैनी बढ़ती गई। मां को उठाकर वह इसकी जानकारी दिया और कमरे में बाहर निकला तो करैत सांप निकल रहा था। संदेह होने पर जब वह अपनी पत्नि के हाथ को देखा तो दाहिने हाथ के कलाई में सांप के काटने का निशान नजर आया। आननफानन में वे उसे रामानुजनगर स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, यहां से रिफर करने पर निजी वाहन से सूरजपुर ले गए। यहां से भी चिकित्सक ने जांच के बाद उसे रेफर कर दिया। संजीवनी एम्बुलेंस से स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां 18 अगस्त को सुबह 6.45 बजे जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

# मुख्य न्यायमूर्ति ने नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का वर्चुअल भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया

## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जस्टिस रमेश सिन्हा ने किया वर्चुअल भूमि पूजन एवं शिलान्यास





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में न्यायिक अधोसंरचना के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया। अंबिकापुर में प्रस्तावित नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण के लिए मंगलवार को वर्चुअल भूमि पूजन एवं शिलान्यास छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति जस्टिस रमेश सिन्हा ने वर्चुअल माध्यम से किया। इस अवसर पर छ.ग. उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं सरगुजा जिले के पोर्टफोलियो जज जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू तथा न्यायमूर्ति एवं सूरजपुर जिले के पोर्टफोलियो जज जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल की भी वर्चुअल उपस्थिति रही।

मुख्य न्यायमूर्ति जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा 'न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी नए न्यायालय भवन को अपने घर की तरह समझें और साथ-सुथरा रखें तथा न्यायालय के मूल उद्देश्य, अर्थात् आम जन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि वे जब पहली बार अंबिकापुर आए थे, तब ही जिला न्यायालय भवन देखकर उन्होंने नवीन भवन निर्माण कराने का संकल्प लिया था। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत द्वारा मुख्य न्यायमूर्ति जस्टिस रमेश सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिनके विशेष प्रयास एवं रूचि लेने के कारण ही जिला सरगुजा में नवीन जिला न्यायालय भवन के निर्माण का कार्य प्रशस्त हुआ। समारोह के दौरान मुख्य न्यायमूर्ति जस्टिस रमेश सिन्हा द्वारा नवीन न्यायालय भवन के शिलालेख का वर्चुअल अनावरण किया गया तथा वर्चुअल शिलान्यास के पश्चात् विधि-विधान से भूमि पूजन संपन्न हुआ। समारोह में पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा, कलेक्टर अजीत वसंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिला न्यायालय के न्यायिक अधिकारी अधिवक्ता एवं न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### *अधोसंरचना सुधार के हुए विशेष प्रयास*

बता दें कि मुख्य न्यायमूर्ति जस्टिस रमेश सिन्हा ने अपने संपूर्ण कार्यकाल में छत्तीसगढ़ न्यायपालिका की अधोसंरचना में सुधार के विशेष प्रयास किए हैं। नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के निर्माण से सरगुजा के अधिवक्ताओं की चिर-प्रतीक्षित मांग पूरी होगी और पक्षकारों को सुविधा होगी, इसके लिए सरगुजा क्षेत्र की जनता की ओर से अधिवक्ताओं ने भी उनका आभार व्यक्त किया है।

## सावन के तीसरे सोमवार को झमाझम बारिश से खेत-खलिहान, नाले लबालब



**जरही भटगांव।** सावन के तीसरे सोमवार को जरही क्षेत्र में सुबह से शुरू हुई बारिश का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। रुक-रुककर होती बारिश के बीच कभी तेज तो कभी धीमी फुहारों ने पूरे क्षेत्र को ठंडक और हरियाली से भर दिया। लगातार बारिश के कारण जरही, भटगांव और आसपास के ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह पानी भर गया, वहीं खेत-खलिहान भी पानी से लबालब नजर आए। खेतों में खड़ी खरीफ की फसलों को भी पर्याप्त पानी मिला, जिससे किसानों के चेहरे पर राहत नजर आई। लगातार बरसते पानी का असर जरही भटगांव क्षेत्र के छोटे-बड़े नालों में भी देखने को मिला। नालों में पानी का बहाव बढ़ गया। निचले इलाकों और कच्चे रास्तों पर भी पानी जमा होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं सावन के तीसरे सोमवार के मौके पर बारिश और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की आवाजाही रही। बारिश के बावजूद भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु मंदिरों तक पहुंचे। कई स्थानों पर सावन सोमवार को लेकर धार्मिक माहौल बना रहा।

# प्रधान पाठक ने 5वीं के विशेष पिछड़ी जनजाति के छात्र को बेरहमी से पीटा

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** लगातार सुर्खियों में रहने वाला शिक्षा विभाग एक बार फिर से प्रधान पाठक के कारनामे को लेकर सुर्खियों में आ गया है। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई है।



जानकारी के मुताबिक, विकासखंड राजपुर के प्राथमिक शाला बालक आश्रम जिगड़ी में कक्षा 5वीं के एक पहाड़ी कोरवा छात्र को प्रधान पाठक द्वारा बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा है। घटना गुरुवार सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है। किसी बात को लेकर प्रधान पाठक बिपता राम रवि नाराज हो गए और उन्होंने छात्र को बांस के डंडे से जमकर पीटा। इस दौरान छात्र का बड़ा भाई मौके पर मौजूद था। पिटाई के बाद छात्र किसी तरह स्कूल से निकलकर उस घर तक पहुंचा, जहां से वह रोजाना स्कूल आना-जाना करता था और वहां मौजूद लोगों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद स्वजन एवं ग्रामीणों ने बच्चे का उपचार कराया।

घटना की जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष बसंत कुजूर ने बच्चे से मुलाकात किया और स्कूल पहुंच कर वास्तविकता को जाना। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा की है। अब पूरे मामले में शिक्षा विभाग की जांच और कार्रवाई पर नजर बनी हुई है। छात्र के साथ हुई मारपीट की घटना ने स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़ा कर दिया है

> मामला संज्ञान में आया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी को जांच के लिए बोला गया है। जांच उपरांत दोषी के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।
>
> **एम.आर. यादव**
> **जिला शिक्षा अधिकारी**

# लिलौटी के ग्रामीण राजस्व रिकॉर्ड की गड़बड़ी से परेशान

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जिले की ग्राम पंचायत लिलौटी में पूरे गांव के भूमि स्वामियों के राजस्व रिकॉर्ड में नाम त्रुटिपूर्ण दर्ज होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि, राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को मौखिक एवं लिखित रूप से समस्या की जानकारी देने के बावजूद अब तक रिकॉर्ड सुधार की दिशा में ठोस पहल नहीं की गई है।

ग्रामीणों के अनुसार, पटवारी हल्का नंबर 14, तहसील डौरा कोचली क्षेत्र के ग्राम लिलौटी में भूमि स्वामी कृषि कार्य पर निर्भर हैं, लेकिन उनके नक्शा, खसरा, बी-1, भू-अभिलेख एवं भुंईया पोर्टल में नाम गलत दर्ज होने से उन्हें लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई मामलों में पिता के नाम और सरनेम में भी त्रुटियां दर्ज हैं। रिकॉर्ड में भूमि स्वामी का नाम गलत होने के कारण भूमि संबंधी कार्यों में गंभीर अड़चनें आ रही हैं। बंदोबस्त के दौरान रिकॉर्ड एवं सर्वे में हुई त्रुटियों के चलते जाति प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र बनवाने में भी परेशानी हो रही है। वहीं धान



बिक्री, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में भी दिक्कतें सामने आ रही हैं। बैंक से ऋण लेने, भूमि विक्रय एवं नामांतरण की प्रक्रिया में भी ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि, इस संबंध में पटवारी एवं तहसील कार्यालय में कई बार मौखिक और लिखित शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से राजस्व रिकॉर्ड की जांच कर त्रुटियों का शीघ्र सुधार कराने की मांग की है।

### *सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन*

मामले को लेकर ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष बसंत कुजूर को ज्ञापन सौंपा और पूरी समस्या से अवगत कराया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले को जल्द ही कलेक्टर के समक्ष रखा जाएगा और राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक त्रुटि सुधार कराने के लिए पहल की जाएगी।







# अपर कलेक्टर पर प्लेसमेंट कर्मचारी से मारपीट का आरोप, थाने पहुंचा अमला

## लाइफलाइन शिविर में सड़क की बदहाली को लेकर विवाद

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर के प्लेटफार्म नंबर 2 पर संचालित लाइफलाइन शिविर में मंगलवार को उस समय विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, जब नगर पंचायत बिश्रामपुर के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपर कलेक्टर एवं लाइफलाइन शिविर के नोडल अधिकारी जगन्नाथ वर्मा पर सुपरवाइजर के साथ मारपीट करने तथा बीच-बचाव कर रहे एक अन्य कर्मचारी का मोबाइल क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में कर्मचारी बिश्रामपुर थाना पहुंचे। कर्मचारियों ने अपर कलेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित शिकायत सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्लेसमेंट कर्मचारी सुपरवाइजर आकाश सिन्हा के अनुसार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर दो दिन पूर्व लाइफलाइन शिविर शुरू हुआ है। नगर पंचायत के कर्मचारी प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी शिविर में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने पहुंचे थे। इसी दौरान क्षेत्र में हुई भारी बारिश के कारण शिविर तक पहुंचने वाली सड़क पर कीचड़, गड्ढों और जगह-जगह पानी जमा होने की स्थिति बनी हुई थी। आरोप है कि शिविर के निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी जगन्नाथ वर्मा की नजर सड़क की बदहाली पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों से सड़क की स्थिति और सुधार कार्य को लेकर जानकारी ली। इसी दौरान बात कथित रूप से विवाद में बदल गई।प्लेसमेंट कर्मचारी सुपरवाइजर आकाश सिन्हा ने आरोप लगाया कि सड़क की स्थिति को लेकर चर्चा के दौरान अपर कलेक्टर नाराज हो गए और उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। सिन्हा का आरोप है कि उन्हें लात-मुक्कों के अलावा छाते से भी मारा गया तथा जमीन में गाड़ देने की धमकी भी दी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें जबरन घसीटते हुए वाहन में बैठाने का प्रयास किया गया। घटना से मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों में भी अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। मामले को शांत कराने और सुपरवाइजर को बचाने के लिए प्लेसमेंट कर्मचारी रितेश के बीच-बचाव करने पर अपर कलेक्टर द्वारा रितेश का मोबाइल छीनकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के बाद कर्मचारियों ने एकजुट होकर बिश्रामपुर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दी और पूरे मामले की जांच कर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों के थाने पहुंचने के बाद यह मामला नगर में चर्चा का प्रमुख विषय बन गया। घटना के बाद प्रशासनिक स्तर पर भी मामले को शांत कराने के प्रयास किए जाने की चर्चा सामने आई है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों के बीच उत्पन्न विवाद को शांत कराने का प्रयास किया है। हालांकि शिकायत में लगाए गए आरोपों और घटना की वास्तविक परिस्थितियों को लेकर आधिकारिक स्तर पर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आ सकी है।



**शिकायत के बाद जांच पर टिकी निगाहें**

फिलहाल एक ओर जहां प्लेसमेंट कर्मचारी अपने सुपरवाइजर के साथ मारपीट और मोबाइल क्षतिग्रस्त किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अपर कलेक्टर ने पूरे आरोपों को खारिज कर दिया है। ऐसे में अब पुलिस की जांच और शिकायत के आधार पर सामने आने वाले तथ्यों पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।लाइफलाइन शिविर जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य आयोजन के दौरान प्रशासनिक अधिकारी और नगर पंचायत कर्मचारियों के बीच सामने आया यह विवाद मंगलवार को पूरे बिश्रामपुर में चर्चा का विषय बना रहा।

**अपर कलेक्टर ने आरोपों को बताया निराधार**

अपर कलेक्टर एवं लाइफलाइन शिविर के नोडल अधिकारी जगन्नाथ वर्मा ने कर्मचारियों द्वारा लगाए गए मारपीट के आरोपों को पूरी तरह गलत और निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि शिविर में कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों का उचित तरीके से निर्वहन करने के लिए कहा गया था। उन्होंने किसी भी कर्मचारी के साथ मारपीट किए जाने से इनकार करते हुए कहा कि आखिर कर्मचारियों द्वारा इस तरह का आरोप क्यों लगाया गया, यह उनकी समझ से परे है।

## देवगढ़ धाम में तीन सावन सोमवार को हुआ महारुद्राभिषेक व विशाल भंडारा

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन



**बिश्रामपुर।** श्रावण मास के अवसर पर जमदग्नि ऋषि की तपोभूमि देवगढ़ धाम स्थित अर्धनारीश्वर शिवलिंग में लगातार तीन सावन सोमवार को विशेष पूजा-अर्चना, महारुद्राभिषेक एवं सहस्त्रार्चन का आयोजन किया गया। राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य सुभाष गोयल एवं उनके अनुज समाजसेवी विजय गोयल द्वारा श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भगवान भोलेनाथ का गन्ने के रस, सरसों तेल एवं गंगाजल से महारुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान लाखों की संख्या में बेलपत्र, समीपत्र, पुष्प, काली तिल, जौ, मूंग दाल, अखंड अक्षत सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों से भगवान अर्धनारीश्वर का सहस्त्रार्चन किया गया। पूजा अर्चना पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। देवगढ़ धाम में भक्तिमय वातावरण के बीच भगवान भोलेनाथ के जयकारे गूंजते रहे। सुभाष गोयल ने श्रद्धालुओं से 24 अगस्त को होने वाले आयोजन में भी बढ़-चढ़कर शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने भगवान अर्धनारीश्वर के दर्शन एवं पूजन के साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से देवगढ़ धाम पहुंचने की अपील की ।आयोजन को सफल बनाने में मोहन लाल अग्रवाल, पूर्व जनपद सदस्य पवन अग्रवाल, रामेन्द्र सिंह, अंशुल गोयल, विवेक गोयल, अतुल मित्तल, पार्षद बृजेन्द्र सिंह, पार्षद दीपमाला सोनी, लखन सोनी, मोनी बाबा, श्रीराम पांडेय, सुरेश पांडेय, गौरव गोयल, शानू सिंह, नीरज गोयल सहित अन्य सक्रिय रहे।

## बाढ़ आपदा पर कलेक्ट्रेट में हुई टेबल टॉप एक्सरसाईज, 20 को होगी मॉकड्रिल

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** मंगलवार को जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में बाढ़ आपदा प्रबंधन को लेकर टेबल टॉप एक्सरसाईज का अयोजन किया गया। जिसमें संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।



टेबल टॉप एक्सरसाईज में आपातकालिन या संकट से निपटने हेतु विभिन्न कार्ययोजनाओं पर चर्चा हुई, इसके साथ ही उपस्थितजनों को अलग-अलग परिस्थितियों में अपनाया जाने वाले आपदा प्रबंधन के गुर सिखाएं गये। बैठक मे जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी संजय गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, सुनील अग्रवाल व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में बाढ़ आपदा पर आधारित मॉकड्रिल का आयोजन 20 अगस्त को आमगांव ओपन कास्ट माईन, रामानुजनगर में किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय द्वारा सार्वजनिक सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार यह मॉकड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

प्रशासन ने जिलेवासियों से इस महत्वपूर्ण मॉकड्रिल में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने आमजन से अपील की है कि आमगांव ओपन कास्ट माईन, रामानुजनगर मे आयोजित होने वाली मॉकड्रील केवल प्रशिक्षण अभ्यास है, नागरिक घबराएं नहीं, शांति बनाए रखें, मॉक ड्रिल का हिस्सा बन जागरूक बने और आपदा प्रबंधन की जानकारी प्राप्त करें।

## भटकती मिली 12 वर्षीय बालिका, पहचान हेतु पुलिस ने आमजन से मांगी मदद

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले के ग्राम चैनपुर में एक 12 वर्षीया बालिका भटकते हुए मिली है। जिसकी पहचान हेतु जिला प्रशासन एवं बाल संरक्षण विभाग ने आमजन से सहयोग का आग्रह किया है। बताया गया है कि 16 अगस्त की रात्रि जिले के थाना झिलमिली ग्राम चैनपुर में एक लगभग 12 वर्षीय बालिका भटकते हुए मिली। पुलिस द्वारा बालिका को संरक्षण में लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई। इसके बाद 17 अगस्त को महिला आरक्षक, पुलिस थाना झिलमिली द्वारा बालिका को आवश्यक कार्यवाही हेतु बाल कल्याण समिति, के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति द्वारा बालिका का नाम गौरी रखा गया है। वर्तमान में बालिका अपने संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही है, जिसके कारण उसके परिजनों एवं निवास स्थान की पहचान नहीं हो सकी है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग ने आम



नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को इस बालिका के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हो तो वह बालिका को पहचानता हो, तो तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग, मोबाइल नंबर 7987721889 पर सूचना दें ताकि उसे परिजनों तक पहुंचाया जा सके।


न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर
जिला–सरगुजा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनी बाई आ० स्व० अमर साय निवासी शितला वार्ड (अ०पुर), थाना (अ०पुर) तहसील ने कराया है कि आवेदक के सोनी बाई की (ननंद कानी) आ० स्व० राम दघ्याल की दिनाक 20/07/1988 को स्थान शीतला वार्ड (अ.पुर) में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण–पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय–सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर सरगुजा



न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर
जिला–सरगुजा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनी बाई आ० स्व० अमर साय निवासी शितला वार्ड (अ०पुर), थाना अ०पुर तहसील ने कराया है कि आवेदक के सोनी बाई (सास ननकी) आ० स्व० रामदयाल की दिनांक 5/01/1980 को स्थान शितला वार्ड (अ०पुर) में हुई है। आवेदक के मृत्यू उपरांत मृत्यू का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 11/8/2006 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर सरगुजा


## दूधमुंहे बच्चे को घर में छोड़ विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत सतपता के यादवपारा में सोमवार की शाम एक 22 वर्षीय एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों से अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त घर में उसका केवल एक वर्षीय दूधमुंहा बच्चा मौजूद था, जबकि उसका पति काम में गया था। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत सतपता यादवपारा निवासी 22 वर्षीय जीरवंती यादव पति उगेश यादव ने सोमवार को अपने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली है। घटना की सूचना मिलते ही बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को फंदे से उतरवाया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए शव का पंचनामा तैयार करा पीएम कराया। विवाहिता ने आखिर किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, फिलहाल इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। घटना को लेकर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।पुलिस का कहना है कि मर्ग जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नागपंचमी पर कोयलांचल में हुई कुश्ती, 16 जोड़ियों ने दिखाया दमखम

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** नागपंचमी के अवसर पर बिश्रामपुर में एक बार फिर मिट्टी के अखाड़े में कुश्ती के दांव-पेंच और पहलवानों की जोरदार जोरआजमाइश ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। स्व. रामनंदन सिंह यादव उर्फ गिरधारी पहलवान स्मृति कुश्ती प्रतियोगिता में क्षेत्रभर से पहुंचे पहलवानों ने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मुकाबलों के दौरान अखाड़े में जहां पहलवानों के दांव-पेंच देखने को मिले, वहीं दर्शकों की तालियों और उत्साहवर्धन से पूरा माहौल रोमांचित हो उठा। ज्ञात हो कि वर्ष 1994 से लगातार आयोजित हो रही इस कुश्ती प्रतियोगिता का उद्देश्य नई पीढ़ी को प्राचीन भारतीय खेल और अखाड़ा संस्कृति से जोड़कर रखना है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी नागपंचमी के अवसर पर आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग के पहलवानों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसईसीएल बिश्रामपुर के क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह ने कहा कि कुश्ती केवल एक खेल नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन परंपरा, संस्कृति और पौराणिक सभ्यता की पहचान है। उन्होंने कहा कि कुश्ती युवाओं के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक मजबूती, अनुशासन और आत्मविश्वास को भी बढ़ाती है। उन्होंने आयोजन समिति की मांग पर कुश्ती स्थल पर शेड निर्माण कराने की घोषणा भी की, जिससे भविष्य में होने वाले आयोजनों में खिलाड़ियों और दर्शकों को सुविधा मिल सके।



विशिष्ट अतिथि शिवनंदनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने लगातार 33 वें वर्ष कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित किए जाने पर समिति को बधाई देते हुए कहा कि किसी परंपरा को इतने लंबे समय तक निरंतर बनाए रखना अपने आप में सराहनीय प्रयास है। वहीं नगर पंचायत बिश्रामपुर के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि यह आयोजन बिश्रामपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के उन युवाओं के लिए बेहतर मंच है, जो कुश्ती में अपना हुनर दिखाना चाहते हैं। ऐसे आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में सतपता गांव के पहलवान अयान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनपुर के पहलवान को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। मुकाबले में दोनों पहलवानों ने एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी, लेकिन अयान ने अपने बेहतर दांव-पेंच और तकनीक के दम पर बाजी मार ली। इसके बाद कनिष्ठ वर्ग में भी पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन किया, जिसमें पहलवान राम ने विजेता का खिताब हासिल किया।

पूरी प्रतियोगिता के दौरान 16 जोड़ियों के पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर अपनी कला और कौशल का जोरदार प्रदर्शन किया। एक के बाद एक हुए मुकाबलों में कभी पहलवानों ने पलटवार किया तो कभी शानदार दांव लगाकर प्रतिद्वंद्वी को चित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत बिश्रामपुर के उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, रामचंद्र यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, शिवनंदनपुर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, राजकिशोर चौधरी, गोपाल सिंह विद्रोही, सतीश तिवारी, शंकर यादव, अनुपम फिलिप,प्रेमजीत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनजीत सिंह, रविशंकर बऊवा, विनोद पटेल सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष आशीष यादव ने सभी अतिथियों स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक की भूमिका रामजीत यादव पिंटू, पहलवान मंगल यादव, परमेश्वर, इंद्रजीत यादव और अमरेश प्रसाद ने निभाई।

## नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नहीं बल्कि पूरे समाज को पहुंचता है नुकसान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में 18 अगस्त को युवाओं एवं विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देने के उद्देश्य से नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का किया गया। अध्यापिका विजयलक्ष्मी सिंह तथा बीना सुजीत के नेतृत्व में नशा मुक्ति विषय पर प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रश्नमंच में द विजिलेंस और द अवेकनर्स दो टीमें रही। कार्यक्रम के दौरान दोनों ही टीमों के विद्यार्थियों ने नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक हानियों से संबंधित प्रश्नमंच में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में द अवेकनर्स टीम ने जीत हासिल की। अध्यापिका काकोली मुखर्जी, नीलम पांडेय एवं अध्यापक अमूल्य भोई के मार्गदर्शन में कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली हिंदी नाटक नशे को ना कहो, जीवन को हां कहो प्रस्तुत किया गया।



नाटक के माध्यम से नशे की गिरफ्त में आने वाले व्यक्ति, उसके परिवार तथा समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को संवेदनशील एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय के माध्यम से सभी को नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर की फुटबॉल टीम ने 15 अगस्त को एकता स्टेडियम में आयोजित प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के उपविजेता बनने पर प्राचार्य अनामिका भारती द्वारा सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं फुटबॉल किट प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती ने विद्यालय परिवार को नशा मुक्त रहने एवं जागरूकता की शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हिंदी नाटक नशे को ना कहो, जीवन को हां कहो एवं प्रश्नमंच की सराहना करते हुए कहा कि नशा मुक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सामूहिक संकल्प है। नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा, कार्यक्षमता और पूरे समाज को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से सदैव दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। कक्षा बारहवीं की छात्रा सिद्धि जायसवाल ने कहा कि हम सभी को नशे से दूर रहकर स्वस्थ और सकारात्मक जीवन अपनाना चाहिए।

यदि कोई व्यक्ति नशे की समस्या से जूझ रहा है, तो उसका उपहास करने के बजाय उसे परिवार, शिक्षक या किसी विश्वसनीय व्यक्ति से सहायता लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में मंच संचालन विमान घोष ने किया।

# तरापाली में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजनगर। विकासखण्ड में राष्ट्रीय पर्व स्वाधीनता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्यालय रामानुजनगर सहित सभी ग्राम पंचायतों, सरकारी दफ्तरों तथा शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन बान शान से लहराया। ग्राम पतरापाली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भाजपा महामंत्री सौभाग्य दुबे ध्वजारोहण व ध्वज वंदन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। रामानुजनगर विकासखण्ड में आजादी का महापर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। मुख्यालय के जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्ष गुलाब सिंह, शिक्षा विभाग में जनपद उपाध्यक्ष रामप्रताप साहू कृषि विभाग में कृषि स्थाई सभापति कवल साय सिंह सहित सभी शासकीय कार्यालयों सहित शैक्षणिक गैर शैक्षणिक संस्थाओं में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। भाजपा महामंत्री सौभाग्य दुबे ग्राम पतरापाली हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि रहे। जहां उन्होंने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण पस्चात गणमान्य नागरिकों के गरिमामय उपस्थिति में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया हुआ, जहां स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत पारंपरिक व छत्तीसगढ़ी गीतों सहित भाषण कविता नाटक आदि की प्रेरणादायक प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा मोबाइल के दुरूपयोग पर किया गया नाटक का मंचन रहा। गत वर्ष की बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वीं -12 वीं में सर्वोत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अपनी घोषणा के अनुसार जनपद सदस्य अनिता सिंह तथा शिक्षक बिजेंद्र साहू व राजेश्वर सिंह द्वारा चार-चार हजार रुपए नगद राशि से अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। स्काउट गाइड जंबूरी पंचमढ़ी मध्यप्रदेश में पार्टीसिपेट करने वाले कैडेट्स को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए सौभाग्य दुबे ने आजादी के महान पर्व स्वाधीनता दिवस पर अपनी बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए देश की एकता अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखे जाने की बात कही। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक कमला प्रसाद दुबे, जनपद सदस्य अनिता सिंह, सरपंच परबतिया सिंह, उप-सरपंच मधुशिला सिंह, राधिका प्रसाद दुबे, विश्वनाथ पटेल, श्याम लाल ठाकुर, गोरे लाल पटेल, बंशीलाल शर्मा, छोटे लाल पटेल, धर्मपाल यादव, राम सिंह, सुनील कुशवाहा, अरविंद सिंह, प्राचार्य हेमसाय सिंह, प्रधानाध्यापक के.के.यादव, प्रधानपाठक प्रविना देवांगन, बिजेंद्र साहू, योगेश साहू, संतोष जायसवाल, रिनु दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ आयुर्वेद एवं यूनानी परिषद के चल रहे चुनाव का परिणाम 30 सितंबर को

## संघ की ओर से डॉ रजनीश मैदान में

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



सूरजपुर। छत्तीसगढ़ आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद चुनाव में छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ द्वारा परिषद चुनाव 2026 के लिए प्रदेश के प्रत्येक संभाग से अपने अधिकृत प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा गया है। संघ का उद्देश्य प्रदेश के आयुर्वेद एवं संबंधित चिकित्सा पद्धतियों के पंजीकृत चिकित्सकों के हितों को प्रभावी रूप से परिषद के समक्ष रखना तथा परिषद के कार्यों में पारदर्शिता, निष्पक्षता और चिकित्सकों की सहभागिता को मजबूत करना है। इस चुनाव में जीवित एवं वैध रूप से पंजीकृत प्रदेश के आयुष चिकित्सक 17 सितम्बर तक प्राप्त बैलेट पेपर में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। संघ के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए सरगुजा संभाग में अपने अधिकृत प्रत्याशी के रूप में डॉ रजनीश जायसवाल को मैदान में उतारा है। संघ ने कहा है कि मतदान प्रत्येक चिकित्सक का स्वतंत्र एवं लोकतांत्रिक अधिकार है। किसी भी चिकित्सक पर किसी प्रकार का दबाव या अनुचित प्रभाव डालना संघ की भावना के विपरीत है। निर्वाचन के संबंध में संयुक्त जिला सरगुजा संभाग द्वारा आयुष चिकित्सकों से मतदान हेतु लोकतांत्रिक अपील की गई है। छ ग आयुर्वेद अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ गदाधर पण्डा ने कहा कि मतदान सब का अपना अधिकार है। संघ के द्वारा किसी भी आयुष चिकित्सक पर मतदान हेतु किसी प्रकार का दबाव, भय, प्रलोभन अथवा अनुचित प्रभाव नहीं बनाया गया है। सभी चिकित्सक अपने विवेक एवं स्वतंत्र इच्छा के अनुसार अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पूर्णतः स्वतंत्र हैं।

# सरस्वती साइकिल योजना से 131 बेटियों को मिली उड़ान, 90% लाने पर मिलेगा नगद पुरस्कार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजनगर। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में सरस्वती साईकिल योजना के तहत साईकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष रामप्रताप साहू ने बच्चियों को लड्डू खिलाकर साईकिल प्रदान किया। शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साईकिल योजना के तहत कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में जनपद उपाध्यक्ष रामप्रताप साहू के मुख्य आतिथ्य में साईकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष साहू ने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा चलाई गई महात्वाकांक्षी योजना है, और यह योजना इतनी कारगर साबित हुई है कि बेटियां का अब परिक्षा परिणाम में लड़कों से बेहतर आ रहा है। जनपद उपाध्यक्ष ने इस दौरान घोषणा किया है कि इस सत्र में कक्षा 12वीं व कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में जो छात्राएं 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करेंगी उन्हें पांच हजार और ढाई हजार रुपए नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, महामंत्री सौभाग्य दुबे व पूर्व मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय ने भी संबोधित करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार बताया। इस दौरान कक्षा नवमी में अध्ययनरत 131 छात्राओं को साइकिल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य चंद्र कला उपाध्याय पूर्व मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष सत्यनारायण दुबे राजेश शंकर दास प्राचार्य कामता प्रसाद प्रजापति रहमान खान सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित थे।

# मोडिफाइड साइलेंसर पर कब होगा एक्शन?

## बुजुर्गों, बीमारों और नवजात शिशुओं को हों रही परेशानी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजगंज। शहर में लंबे समय से मोडिफाइड साइलेंसर वाली बाइकों की तेज आवाज आम लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। दौलतमंद और रसूखदार परिवारों के युवकों द्वारा दिन-रात सड़कों पर फरार्टा भरते इन वाहनों से न सिर्फ शांति भंग हो रही है, बल्कि बुजुर्गों, बीमारों और नवजात शिशुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह समस्या सालों से चली आ रही है, लेकिन अब तक ठोस और निरंतर कार्रवाई नदारद रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना क्षेत्र में ऐसी अनेकों मोटरसाइकिलें खुलेआम दौड़ रही हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। जिसके चलते मनचले एवं बिगड़े युवकों के हौसले बुलंद है दिन भर शहर की सड़कों पर इन लोगों के द्वारा तेज रफ्तार का सिलसिला जारी है यह बिगड़े युवक खासकर स्कूल एवं कॉलेज के समय अपनी ज्यादा रफ्तार दिखाते रहते हैं। आरोप है कि शहर की सड़कों पर न सिर्फ मोडिफाइड साइलेंसर वाली बाइकें दौड़ रही हैं, बल्कि एक बाइक पर चार-पांच सवार, बिना हेलमेट, तेज रफ्तार में खुलेआम नजर आते हैं। यदि पुलिस चाहे तो चौक-चौराहों और दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर पूरे नेटवर्क को आसानी से सामने ला सकती है। अब बड़ा सवाल यही है कि जांच के आदेश देगा कौन और करेगा कौन? शहर की हालत यह है कि सड़कें ट्रांसपोर्ट नगर जैसी बन चुकी हैं, जहां बीच सड़क पर वाहन खड़े कर खरीदारी आम बात हो गई है। जनता का कहना है कि यदि संबंधित विभाग निरंतर और निष्पक्ष कार्रवाई करे तो रामानुजगंज के लोग राहत की सांस ले सकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि ऐसी कार्रवाई अक्सर कागजों तक ही सीमित रह जाती है।

# जनपद सदस्य राजू गुप्ता की अगुवाई में गंगौटी में निकली भव्य कांवड़ यात्रा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



भैयाथान। विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम गंगौटी में सावन के पावन महीने में पूरा क्षेत्र शिवभक्ति में सराबोर नजर आया। प्रत्येक वर्ष की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी जनपद सदस्य राजू गुप्ता की अगुवाई में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। भगवा वस्त्रों में कांवड़ लेकर चल रहे श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कांवड़ यात्रा की शुरूआत खुटरापारा स्थित गोबरी नदी से हुई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से नदी का पवित्र जल कांवड़ में भरा और भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए यात्रा प्रारंभ की। कांवड़ लेकर श्रद्धालु निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ते रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। यात्रा का पहला प्रमुख पड़ाव बैरीदिहारी डैम स्थित सिद्ध बाबा मंदिर रहा। यहां पहुंचकर कांवड़ियों ने भगवान सिद्ध बाबा को पवित्र जल अर्पित किया। पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पहला जल अर्पण करने के बाद कांवड़ यात्रा आगे बढ़ते हुए गंगौटी स्थित ओमकारेश्वर बाबा मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कांवड़ियों ने भगवान शिव से क्षेत्र में सुख-शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के उत्साह और भक्ति का नजारा देखते ही बन रहा था। हाथों में कांवड़ और जुबां पर हर-हर महादेव, बोल बम के जयकारों के साथ श्रद्धालु आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह लोगों ने कांवड़ियों का स्वागत किया। पूरी यात्रा के दौरान धार्मिक उत्साह और आस्था का माहौल बना रहा।

# धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, बच्चों ने बांधा समां

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजनगर। हाई स्कूल पटना में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां विधायक प्रतिनिधि व शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष संत साहू ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को नमन किया। गांव के सभी शैक्षणिक संस्थानों में जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्वजारोहण पस्चात संकुल स्तरीय सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संत साहू ने कहा कि देश को आजाद हुए आज 80 साल हो गए।इन 80 वर्षों में भारत ने जहां एक ओर अनेक क्षेत्रों में बुलंदियों को छुआ है तो वहीं अभी अनेक क्षेत्रों में अभी विकास किए जाने की आवश्यकता है।

# कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण का कथा प्रारंभ

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजगंज। श्रावण मास के पावन अवसर पर मंगलवार को कन्हर नदी से विधिवत जल उठाने के बाद नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर में पूजा अर्चना उपरांत कलश यात्रा निकल गई जो पूरा नगर भ्रमण के दौरान हर-हर महादेव और ॐ नमः शिवाय के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा। तदुपरांत कलश यात्रियों ने मां महामाया मंदिर के समिप स्थित काका लरंगसाय टाउन हॉल कथा स्थल पहुंचे जहां प्रतिदिन शिव महापुराण का कथा दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है उक्त कथा 18 अगस्त से 24 अगस्त तक चलेगा। कथा व्यास श्रीधाम वृंदावन के पं.कुंज बिहारी महाराज के मुखारविंद से कथा का रसपान श्रोताओं लोग ग्रहण करेंगे। शिव महापुराण की कथा के प्रथम दिन व्यासपीठ (वक्ता) द्वारा भगवान शिव के मंगलमय नाम का स्मरण करते हुए शिव पुराण की महिमा, उसके श्रवण का महत्व और कलिकाल में जीवों के कल्याण का मार्ग बताया गया। मूल ग्रंथों और कथा परंपरा के अनुसार प्रथम दिवस पर शिव पुराण की महिमा और फलपाप नाशःशिव पुराण समस्त जीवों का कल्याण करने वाला और सभी पापों का नाश करने वाला परम ग्रंथ है। इसे सुनने या पढ़ने मात्र से मनुष्य भगवान शिव का कृपापात्र बन जाता है और अंत में परम गति (मोक्ष) को प्राप्त करता है। कथा श्रवण का संकल्प और नियमभक्ति, ज्ञान और वैराग्यः व्यास जी समझाते हुए कहे कि शिव पुराण में मुख्य रूप से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का गान किया गया है।चित्त की शुद्धिःकथा के प्रारंभ में चित्त को शांत रखकर भगवान शिव के वेद-सार रूपी अमृत वचनों को एकाग्रचित्त होकर सुनने का आह्वान किया जाता है।

# देशभक्ति से जुड़ी हर चीज का विरोध करना कांग्रेस की नीति- देव

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



सूरजपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष देव गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान वंदे मातरम गाए जाने को लेकर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने जो आपत्ति की वह राष्ट्रगीत का अपमान है। उन्होंने कहा कि देशभक्ति से जुड़ी किसी भी चीज का विरोध करना कांग्रेस की नीति है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष देव गुप्ता ने मांग की कि यदि कांग्रेस में जरा भी देशभक्ति है तो वह राष्ट्रगीत के अपमान के लिए 24 घंटे के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। भाजयुमो जिला अध्यक्ष देव गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर राहुल और सोनिया गांधी द्वारा वंदे मातरम का विरोध 'दिमागी नक्सल समर्थन तंत्र' वाली मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'क्या कोई देशभक्त, कोई भी भारतीय जो भारत के संविधान में विश्वास रखता हो, तिरंगे का सम्मान करता हो, भारत के स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करता हो और भारत की संप्रभुता और अखंडता में यकीन रखता हो, वह कभी स्वतंत्रता दिवस पर वंदे मातरम गाने से नाराज हो सकता है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न सिर्फ आजादी की लड़ाई लड़ने वालों का ही नहीं, बल्कि देश के संविधान, उसकी संप्रभुता और अखंडता एवं देश के 140 करोड़ लोगों का भी अपमान किया है।

# जहां बारिश में टपकती थी छत, अब वहीं खिल रहे हैं बचपन के सपने

## विकसित भारत जी-राम-जी से मसीरा को मिला नया आंबा भवन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



सूरजपुर। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ बच्चों के सुरक्षित और बेहतर भविष्य की नींव मजबूत हो रही है। इसी बदलाव की एक प्रेरक तस्वीर जिले के भैयाथान विकासखंड के ग्राम पंचायत मसीरा में देखने को मिल रही है, जहां विकसित भारत जी-राम-जी योजना के माध्यम से निर्मित नए आंगनबाड़ी भवन ने नौनिहालों के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और सीखने के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया है। कभी कच्चे मकान में संचालित होने वाला आंगनबाड़ी केंद्र अब पक्के भवन में बच्चों की खिलखिलाहट और सीखने की गतिविधियों से गुलजार है। मसीरा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती हीरामणी राजवाड़े बताती हैं कि पहले आंगनबाड़ी केंद्र कच्चे मकान में संचालित होता था। बारिश के मौसम में छत से पानी टपकने के कारण बच्चों को बैठाने और शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने में परेशानी होती थी। इससे अभिभावकों को भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता रहती थी। आंगनबाड़ी केंद्र की इस समस्या को दूर करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने ग्राम पंचायत के सरपंच बुधराम सिंह के समक्ष नए आंगनबाड़ी भवन की आवश्यकता रखी। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव तैयार कर प्रशासन को भेजा गया। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले के निर्देश पर प्रशासन ने त्वरित पहल करते हुए विकसित भारत जी-राम-जी योजना के तहत नए आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया। नए भवन के निर्माण के बाद आंगनबाड़ी केंद्र की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। अब बच्चों को बारिश, धूप और मौसम की अन्य परेशानियों से सुरक्षित वातावरण मिल रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत है और अभिभावकों का भरोसा भी बढ़ा है। केंद्र में बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ खेल-खेल में सीखने की गतिविधियां कराई जा रही हैं। साथ ही पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने के साथ बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं।

## चिंतन

# बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी

आतंकवाद की दुनिया में आजकल बंदूक से पहले विचारधारा पहुंचती है और इसका सबसे आसान निशाना बनते हैं कम उम्र के बच्चे और युवा। इंटरनेट, सोशल मीडिया और ऑनलाइन नेटवर्क ने कट्टरपंथी संगठनों को युवाओं और बच्चों तक पहुंच बनाने का आसान तरीका उपलब्ध करवाया है। इसके जरिये आतंकी और कट्टरपंथी नेटवर्क कम उम्र के बच्चों और युवाओं तक पहुंच बना रहे हैं। ऐसे में बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी हो गया है। यह नजर जासूसी के लिए नहीं, बल्कि उन्हें गलत दिशा में जाने से रोकने के लिए होनी चाहिए। आज का बच्चा इंटरनेट की ऐसी दुनिया में बड़ा हो रहा है, जहां दोस्ती, बातचीत, मनोरंजन और जानकारी के साथ-साथ गलत विचारधाराएं और संदिग्ध नेटवर्क भी मौजूद हैं। किसी अनजान व्यक्ति का संदेश, किसी ऑनलाइन ग्रुप का निमंत्रण या लगातार मिलने वाला भावनात्मक कंटेंट धीरे-धीरे बच्चे की सोच को प्रभावित कर सकता है। हाल के मामलों ने इस खतरे को और गंभीर बना दिया है। बेंगलुरु में पश्चिम बंगाल के 23 वर्षीय युवक आसफुल मलिक की गिरफ्तारी से जुड़े आरोपों में संदिग्ध ऑनलाइन संपर्क और प्रतिबंधित आतंकी संगठन टीटीपी से संबंधों की जांच सामने आई है। उसके अफगानिस्तान जाने की कथित योजना और भारत में हिंसक गतिविधियों के लिए उकसाए जाने की भी जांच हो रही है। यह मामला यह समझने के लिए काफी है कि कट्टरपंथीकरण को केवल बच्चों की समस्या मानना गलत होगा। किशोरों के साथ-साथ 20-25 वर्ष के युवा भी इसके निशाने पर हो सकते हैं। पाकिस्तान आधारित हैंडलरों द्वारा भारतीय युवाओं को सोशल मीडिया के जरिए कथित तौर पर फंसाने की जांच भी इसी खतरे की दूसरी तस्वीर दिखाती है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर, बेरोजगार या किसी तरह की परेशानी से जूझ रहे युवाओं को पहले पैसों और मदद का लालच दिया जाता है। 12 से 25 हजार रुपये जैसी रकम से शुरुआत कर छोटे काम करवाए जाते हैं। पहले फोटो और वीडियो, फिर किसी स्थान की रेकी और आगे चलकर हिंसक गतिविधियों तक पहुंचाने की कोशिश की जाती है। यानी किसी युवा को आतंकी नेटवर्क का हिस्सा बनाने की प्रक्रिया अचानक नहीं होती, बल्कि धीरे-धीरे उसके भरोसे और कमजोरियों का इस्तेमाल किया जाता है। यहीं परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। माता-पिता को बच्चे के मोबाइल की हर गतिविधि पर शक करने के बजाय उसके डिजिटल व्यवहार को समझना चाहिए। निगरानी का मतलब बच्चे की निजता खत्म करना नहीं है। घर में संवाद का ऐसा वातावरण जरूरी है, जहां बच्चा अपनी उलझन, गुस्सा, असहमति और ऑनलाइन अनुभव खुलकर बता सके। स्कूल और कॉलेजों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें डिजिटल साक्षरता, फर्जी जानकारी की पहचान, ऑनलाइन कट्टरपंथी प्रचार और साइबर सुरक्षा के बारे में भी जागरूक करना होगा। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को संदिग्ध ऑनलाइन नेटवर्क पर नजर रखनी होगी। किसी बच्चे के व्यवहार में बदलाव दिखे तो उसे अपराधी मानने के बजाय समझने और मदद करने की कोशिश हो। आज आतंक का खतरा केवल सड़क, सीमा या किसी संदिग्ध ठिकाने पर नहीं है। वह मोबाइल की स्क्रीन के दूसरी तरफ भी हो सकता है। इसलिए बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना अब विकल्प नहीं, समय की जरूरत है।

## डिजिटल दौर

**अमरनाथ सक्सेना**



# युवाओं के सामने उभरती चुनौतियां

भारत की 26% आबादी ऐसे लोगों की है जिनकी उम्र 15 से 29 साल के बीच है। भारत को इस बात पर गर्व है कि उसके पास युवा प्रतिभाओं की भरमार है। ये युवा डिजिटल तौर-तरीकों को अच्छी तरह से समझते हैं, वे महत्वाकांक्षी हैं और कुछ नया प्रयोग करने से लेकर नए क्षेत्रों में कदम रखने से वे हिचकिचाते नहीं हैं। वे हमारे देश को विकास के अगले स्तर तक ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हालांकि इन उम्मीदों के साथ उन्हें कुछ नए तरह के जोखिमों से दो-चार होना पड़ रहा है, जिसका सामना पिछली पीढ़ी ने कभी नहीं किया था। साइबर धोखाधड़ी करने वाले अपराधी ऑनलाइन ट्रेडिंग अकाउंट को हैक कर सकते हैं, और जो शॉपिंग वेबसाइटें बेहद सुरक्षित और भरोसेमंद दिखाई देती हैं, वहां भी लोग ठगी का शिकार बन सकते हैं। इससे आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है और यह एक गंभीर समस्या का रूप भी धारण कर सकती है। गौरतलब है कि जहां टेक्नोलॉजी ने भारतीय युवाओं को सशक्त बनाया है, वहीं इसकी वजह से वे गंभीर जोखिमों के प्रति असुरक्षित भी बन गए हैं। साइबर धोखाधड़ी जैसे कि पहचान चुराना, फिशिंग अटैक और वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अपराध दिनोंदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। युवा लोग जो अक्सर ऑनलाइन लेन-देन करते हैं, डिजिटल प्लेटफॉर्म के ज़रिए निवेश करते हैं और कई पेमेंट एप्लीकेशन का इस्तेमाल करते हैं, यहां वे अक्सर साइबर अपराधों की वजह से होने वाले आर्थिक नुकसान को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के अनुसार वर्ष 2021 से जून 2025 तक के बीच 65.9 लाख शिकायतें प्राप्त हुईं। कई युवा नौकरीपेशा लोग इस बात से अनजान होते हैं कि भारत में अब लोगों के लिए खास साइबर इंश्योरेंस पॉलिसियां उपलब्ध हैं। ये पॉलिसियां अनधिकृत डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी, पहचान चुराना, ऑनलाइन वसूली और साइबर खतरों से प्रभावित हुए डिजिटल उपकरणों को ठीक करने में होने वाले खर्चों के लिए आर्थिक मदद पेश करती हैं। जैसे-जैसे डिजिटल जीवनशैली हमारी जिंदगी का हिस्सा बनती जा रही है, वैसे-वैसे युवा पीढ़ी के लिए साइबर इंश्योरेंस भी हेल्थ इंश्योरेंस जितना ज़रूरी बनते जा रहा है। साइबर अपराधी युवाओं को कई तरह से ठगी का शिकार बना सकते हैं, इसलिए साइबर खतरों से बचने के लिए आपके पास साइबर इंश्योरेंस का होना बेहद ज़रूरी है। आज के भारतीय युवा जिस चुनौती का सामना कर रहे हैं, वह है जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां। हाल के अध्ययन पुष्टि करते हैं कि भारतीय युवाओं में डायबिटीज़, कार्डियक अरेस्ट जैसे मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं, जबकि पहले ये बीमारियां अधेड़ उम्र के लोगों को होती थीं। हाल की रिपोर्टों के अनुसार लगभग 18–40 साल की उम्र के 18% लोग डायबिटीज़ से जूझ रहे हैं, जबकि 25% लोग प्री-डायबिटीक हैं। इससे यह बात पता लगती है कि पहले डायबिटीज़ को अधेड़ उम्र में होने वाला रोग माना जाता था, लेकिन अब यह विचारधारा बदल रही है। अध्ययन दर्शाते हैं कि 40 साल से कम उम्र के लोगों में कार्डियक के मामले बढ़ रहे हैं, जो कि गंभीर चिंता का विषय है। इन बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए, युवाओं के लिए बेहद ज़रूरी है कि वे अपने लिए एक ज़बरदस्त हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी ज़रूर चुनें। और तो और युवाओं के लिए यह भी ज़रूरी है कि वे इसे कम से कम उम्र में लें, ताकि सेहतमंद रहते हुए वे पॉलिसी की प्रतीक्षा अवधि पूरी कर लें। इससे यह बात भी पक्की हो जाएगी कि उन्हें फटाफट कवरेज मिलेगा और जब उन्हें इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत होगी, तब वे इसे अच्छी तरह से इस्तेमाल कर पाएंगे। संक्षेप में, इस डिजिटल दौर में भारत के युवा दर्शाते हैं कि वे इस देश की सबसे बड़ी ताकत तो हैं, लेकिन सबसे ज्यादा साइबर खतरों का सामना भी इसी वर्ग को करना पड़ता है। जहां स्मार्टफोन और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शिक्षा, करियर और दुनिया से संपर्क बनाने के लिए नए-नए अवसर पेश कर रहे हैं, वहीं इन्हीं के ज़रिए भारतीय युवा साइबर धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, मानसिक स्वास्थ्य की समस्या और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे गंभीर खतरों का सामना भी कर रहे हैं। इन सभी बिंदुओं को देखते हुए पता लगता है कि इन युवाओं को साइबर इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस दोनों में निवेश करना चाहिए, ताकि वे न केवल डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षित रहें, बल्कि उनकी सेहत की भी सुरक्षा हो। इससे भारतीय युवा अचानक से आने वाले किसी भी साइबर खतरे से सुरक्षित रहने के साथ-साथ अपनी आकांक्षाएं भी आसानी से पूरी कर पाएंगे।

(लेखक चीफ टेक्निकल ऑफिसर-बजाज जनरल इंश्योरेंस हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# विकराल हो रहा जलवायु परिवर्तन संकट



**पर्यावरण**

**ज्ञानेन्द्र रावत**

जलवायु परिवर्तन का संकट अब दिनोंदिन जानलेवा होता जा रहा है। दरअसल दुनिया में ऊर्जा की जरूरत पूरा करने के लिए कोयला, तेल और गैस का जो बेतहाशा इस्तेमाल हो रहा है, उससे होने वाले उत्सर्जन से जलवायु लक्ष्यों की पूर्ति असंभव है। तापमान बढ़ोतरी डेढ़ डिग्री सीमित रखने के लिए 2030 तक अपने उत्सर्जन को आधा करने के लक्ष्य की दिशा में कोई कारगर पहल न होने के परिणाम दिनोंदिन और भयावह होते जा रहे हैं। फिर जलवायु परिवर्तन की विभीषिका की रोकथाम के लिए बनी वैश्विक सहमति भी बीते सालों में कमजोर पड़ी है। इसके साथ-साथ वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के स्तर में हो रही बढ़ोतरी ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है।

जलवायु परिवर्तन का संकट अब दिनोंदिन जानलेवा होता जा रहा है। दरअसल दुनिया में ऊर्जा की जरूरत पूरा करने के लिए कोयला, तेल और गैस का जो बेतहाशा इस्तेमाल हो रहा है, उससे होने वाले उत्सर्जन से जलवायु लक्ष्यों की पूर्ति असंभव है। तापमान बढ़ोतरी डेढ़ डिग्री सीमित रखने के लिए 2030 तक अपने उत्सर्जन को आधा करने के लक्ष्य की दिशा में कोई कारगर पहल न होने के परिणाम दिनोंदिन और भयावह होते जा रहे हैं। फिर जलवायु परिवर्तन की विभीषिका की रोकथाम के लिए बनी वैश्विक सहमति भी बीते सालों में कमजोर पड़ी है। इसके साथ-साथ वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के स्तर में हो रही बढ़ोतरी ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि धरती की गर्म सांसों के चलते ऋतुओं की लय बिगड़ती चली जा रही है। हालात इतने खराब हो गए हैं कि जलवायु परिवर्तन से न केवल मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, उसकी सेहत पर आयेदिन खतरा बढ़ता जा रहा है, बच्चों का भविष्य छिनता जा रहा है, वह लोगों में अकेलापन बढ़ा रहा है, महिलाओं पर गंभीर असर डाल रहा है, दुनिया की बहुमूल्य धरोहरों के अस्तित्व के संकट को बढ़ा रहा है, साथ ही वह दुनिया की हजारों पौध-प्रजातियों के घर ही नहीं छीन रहा है बल्कि उन पर विलुप्ति का खतरा भी मंडराने लगा है।

दुनिया के हालिया शोध और अध्ययन इसके जीते-जागते सबूत हैं। वैश्विक तापमान में लगातार हो रही वृद्धि आने वाले समय में आशंकित विकट परिस्थितियों को लेकर चिंतायें बढ़ाती जा रही हैं। सबसे बड़ी चिंता इस बात की है और एक अध्ययन में इस बात का खुलासा भी हुआ है कि यदि तापमान वृद्धि की दर इसी तरह बढ़ती रही तो साल 2085 तक भूमि पर एक तिहाई से ज्यादा जीव आवास यानी एनिमल हैबिटेट जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव ( लू ) या जंगल में आग लगने जैसी चरम घटनाओं की चपेट में आ सकते हैं। यही नहीं, जलवायु परिवर्तन की रफ्तार यही बरकरार रही तो इस सदी के आखिर तक दुनिया की हजारों पौध-प्रजातियां अपने प्राकृतिक आवास के बड़े हिस्से से न केवल महरूम हो जाएंगी, बल्कि बहुतेरी पौध-प्रजातियों का अस्तित्व ही समाप्त हे जाएगा। यह संकट तेजी से शून्य उत्सर्जन की दिशा में कदम उठाने से इन दुष्प्रभावों को काफी हद तक टाला जा सकता है। जर्मनी की पाट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इंफैक्ट रिसर्च के शोधकर्ताओं का मानना है कि जलवायु परिवर्तन और विशेष रूप से चरम घटनाओं संरक्षण योजना के संदर्भ में अभी भी बहुत कम आंका जा रहा है। यह केवल कई बरसों में तापमान का धीरे-धीरे बदलाव नहीं होगा। कई चरम घटनायें संयुक्त प्रभाव डाल सकती हैं और जैव विविधता के लिए सहकारी खतरे का निर्माण कर सकती हैं। दरअसल दुनियाभर में बढ़ता तापमान अब सिर्फ इंसान और जानवरों के लिए ही नहीं, बल्कि ऋतुओं के लिए भी खतरनाक बनता जा रहा है। धरती के वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों का स्तर आज उस मुकाम पर आ पहुंच गया है जो मानव इतिहास में कभी नहीं रहा। यदि हमने समय रहते कड़े कदम नहीं उठाये, तो दुनिया के संवेदनशील क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाना मुश्किल हो जाएगा और ऋतुचक्र जो मानव सभ्यता के फलने-फूलने का आधार



था, पूरी तरह नष्ट हो जाएगा। जहां तक भारत का सवाल है, हमारी पारंपरिक पहचान उसके विविध ऋतुचक्र से रही है। पर अब यह चक्र टूट रहा है। इसका अहम कारण जलवायु परिवर्तन है। धरती की गर्म सांसों के चलते ऋतुओं की लय बिगड़ती जा रही है। मौसम का यह बदला हुआ मिजाज केवल आंकड़ों तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह अब आम आदमी की जीवन शैली को भी गहरे तक प्रभावित कर बदल रहा है। मानसून का समय अनिश्चित है। बेमौसम वर्षा से फसलें बर्बाद हो रही हैं। नतीजतन कृषि घाटा बढ़ता जा रहा है। सच्चाई यह है कि जलवायु परिवर्तन ने भारत के भौगोलिक पैटर्न को ही बदल दिया है। जो घटनाएं पहले बरसों में एक आध बार होती थीं, वे अब सामान्य यानी आए दिन होने लग गई हैं। राजस्थान और लेह जैसे शुष्क और रेगिस्तानी इलाकों में अब बाढ़ आना आम बात हो गई है। पहाड़ी राज्यों और हिमालयी इलाकों में सालभर तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। इसके दुष्परिणाम स्वरूप ग्लेशियरों के पिघलने और पारिस्थितिक तंत्र के बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया है। निष्कर्ष यह कि अब देश में ऋतुओं का आपस में विलय हो रहा है। सर्दी, गर्मी और बारिश के बीच की स्पष्ट रेखायें अब धुंधली पड़ने लगी हैं। दरअसल तापमान बढ़ोतरी की दर यदि 1.5 डिग्री तक न रोकी गई तो इसकी सबसे ज्यादा बड़ी कीमत भारत को चुकानी होगी। भारत के लगभग 60 करोड़ लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। तापमान बढ़ने से मिट्टी तेजी से सूखने लगेगी। उस दशा में मिट्टी की नमी बरकरार रखने के लिए अधिकाधिक तादाद में भूजल निकालना होगा। परिणामस्वरूप भूजल स्रोत सूखने के कगार पर पहुंच जाएंगे। चूंकि हमारा देश गेहूं व धान का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, ऐसी स्थिति में भूजल के सूखने के चलते गेहूं और धान की फसल पर बुरा असर पड़ेगा। यही नहीं, मत्स्य पालन, बागवानी और पशुपालन पर भी असर पड़े बिना नहीं रहेगा। यहां इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता कि तापमान में एक फीसदी की बढ़ोतरी बादलों में सात फीसदी से ज्यादा पानी भर देगा। नतीजतन बादल फटेंगे और उस दशा में बाढ़ और भूस्खलन की भयावहता का खतरा बढ़ेगा। वैज्ञानिकों की राय है कि ग्लेशियर के पिघलने से भूस्खलन का खतरा बना रहता है। इनके सूख जाने पर गंगा जैसी सदानीरा नदियों के बरसाती नदी के रूप में तब्दील होने और आसन्न जल संकट की विकरालता से कभी भी दो चार होना पड़ सकता है। यदि बीते सालों में किए गए सर्वेक्षणों की मानें तो भारत के 85 फीसदी लोग जलवायु परिवर्तन से चिंतित हैं और 87 फीसदी चाहते हैं कि उसकी रोकथाम के शीघ्र उपाय किए जाने चाहिए। वैश्विक तापमान को अगले सौ वर्षों में डेढ डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं बढ़ने देने का लक्ष्य हासिल कर लेने के बावजूद विश्व के संवेदनशील क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचा पाना आसान नहीं होगा। ऐसी स्थिति में भारत को विभिन्न क्षेत्रों के लिए अपने उत्सर्जन लक्ष्य नए सिरे से तय करने की जरूरत है। जबकि क्लाइमेट ट्रांसपेरेंसी की रिपोर्ट की मानें तो 2030 तक भारत के ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में भी करीब करीब दोगुने की बढ़ोतरी होने की आशंका है। फिर जलवायु परिवर्तन से वेलकम ट्रस्ट और क्लाइमेट ओपिनियन रिसर्च के अध्ययन द्वारा सेहत पर होने वाले भयावह खतरे की चेतावनी ने चिंता को और बढ़ा दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरण की चिंता नहीं रह गया है, बल्कि यह अब लोगों के शरीर, उनकी सांस, उनके बच्चों की सेहत की चिंताओं तक पहुंच गया है। इसलिए जीवन शैली में बदलाव समय की महती आवश्यकता है, तभी हम जलवायु परिवर्तन के दानव से कुछ हद तक मुकाबला कर पाने में कामयाब हो सकते हैं।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## हर बात का जवाब देना जरूरी नहीं





आज के समय में लोग हर बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देना चाहते हैं। सोशल मीडिया से लेकर निजी जीवन तक अपनी बात साबित करने की होड़ लगी रहती है। लेकिन कई बार ज्यादा बोलना रिश्तों में दूरी, मन में तनाव और निर्णयों में जल्दबाजी का कारण बन जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता हमें याद दिलाता है कि मौन अक्सर वह प्रकट कर देता है, जिसे शोर कभी नहीं कर सकता है। इसका मतलब हमेशा चुप रहना नहीं, बल्कि सही समय पर रखा गया मौन कई बार सबसे प्रभावशाली उत्तर बन जाता है। बहुत से लोग मानते हैं कि चुप रहना कमजोरी का संकेत है, लेकिन गीता का संदेश इससे बिल्कुल अलग है। जब व्यक्ति बिना क्रोध, अहंकार या आवेश के शांत रह पाता है, तो यह उसके आत्मसंयम को दर्शाता है। हर बात पर प्रतिक्रिया देने के बजाय धैर्य रखना मानसिक परिपक्वता की निशानी है। ऐसा व्यक्ति परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझ पाता है और जल्दबाजी में गलत निर्णय लेने से बच जाता है। मौन रखने वाला व्यक्ति भीतर से मजबूत होता है। जब मन क्रोध, चिंता या भ्रम से भरा होता है, तब सही और गलत का अंतर समझना कठिन हो जाता है। लेकिन कुछ पल का मौन मन को स्थिर कर देता है। शांत वातावरण में व्यक्ति अपने विचारों को स्पष्ट रूप से देख पाता है और बिना भावनाओं में बहकर निर्णय लेता है। यही कारण है कि जीवन के महत्वपूर्ण फैसलों में धैर्य और शांति को हमेशा महत्व दिया गया है। शांत मन से लिया गया निर्णय लंबे समय तक सही साबित होता है।

संकलित

**दर्शन**

## एकाग्रता ही ज्ञान की असली कुंजी





विद्यार्थी जीवन सिर्फ किताबें रटने या अच्छे अंक लाने का समय नहीं होता है। यह वह उम्र है जब सोच, आदतें, हिम्मत और व्यक्तित्व बनते हैं। आज के समय में मोबाइल, सोशल मीडिया और परीक्षा के दबाव के बीच कई स्टूडेंट्स ध्यान खो देते हैं और तनाव के शिकार हो जाते हैं। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अपनी भीतरी ताकत पहचानने, मन को एक जगह टिकाने और मजबूत चरित्र बनाने की सीख दी थी। उनकी बातें आज भी हर विद्यार्थी के लिए सफलता का आसान रास्ता दिखाती हैं। स्वामी विवेकानंद मानते थे कि मन को एक जगह केंद्रित करना ही शिक्षा का सार है। वे कहते थे कि एकाग्रता की शक्ति ज्ञान के खजाने की चाबी है। आजकल पढ़ाई करते समय बार-बार फोन देखने या सोशल मीडिया घूमने से मन बिखर जाता है। अगर कुछ देर के लिए मोबाइल दूर रखकर सिर्फ एक काम पर पूरा ध्यान दिया जाए, तो आसानी विषय समझ में आता है और याद भी हो जाता है। रोज थोड़ा अभ्यास करने से मन मजबूत होता है। एकाग्रता बढ़ाने वाला विद्यार्थी किसी भी विषय को आसानी से सीख लेता है और सफलता उसके करीब आ जाती है। परीक्षा या भविष्य की चिंता अक्सर विद्यार्थियों का आत्मविश्वास घटा देती है। स्वामी विवेकानंद ने हमेशा कहा कि खुद पर विश्वास सबसे जरूरी है। डर को छोड़कर आगे बढ़ने वाला व्यक्ति मुश्किलों में भी रास्ता ढूंढ लेता है। असफलता आ जाए, तो हार मानने के बजाय फिर से कोशिश करने का साहस रखना चाहिए। जो विद्यार्थी अपनी क्षमता पर भरोसा रखता है वह दबाव में भी शांत रहता है।

संकलित

**प्रेरणा**

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

*- मोहन लाल यादव, रायपुर*

## ट्रेंड

### वाजपेयी को श्रद्धांजलि



अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर याद कर रहा हूँ। अद्भुत दूरदर्शिता वाले एक असाधारण राजनेता के तौर पर, उन्होंने अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। उनके विचारों ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया और उनके नेतृत्व ने हमारे देश को मजबूत बनाया।

- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### सरकार का सामना



भारत के युवाओं ने जिस हिम्मत और मजबूती के साथ मोदी जी की हिंसक सरकार का सामना किया है और जवाबदेही की मांग की है, वह तारीफ़ के काबिल है। उन्होंने शांति, प्यार और मजाक-मजाक में अपनी आवाज उठाई।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### दिव्यास्त्र एमके3



डीजी प्रोपल्शन के स्वदेशी जेट इंजन से चलने वाले 'दिव्यास्त्र एमके3' की सफल पहली उड़ान, 100% स्वदेशी जेट-पावर्ड 'लोइटरिंग म्यूनिशन' की दिशा में एक अहम कदम है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हमारे इनोवेटर्स और इंजीनियरों को बधाई।

- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### युवाओं की ऊर्जा



हमारी सरकार युवाओं की ऊर्जा को नई दिशा देने के लिए लगातार काम कर रही है और उन्हें कौशल, स्वरोजगार और खेल-कूद से जोड़ रही है। इसी संकल्प के साथ, वर्ष 2027 को 'युवा वर्ष' घोषित किया है।

- **डॉ. मोहन यादव**, सीएम, मध्यप्रदेश

## करंट अफेयर

# आर्कटिक रूट : चीन नई चाल से बदलने चला समुद्री कारोबार



पिछले कुछ सालों में लाल सागर, स्वेज नहर और दूसरे समुद्री रास्तों पर युद्ध और तनाव ने पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि अगर एक समुद्री रास्ता बंद हुआ तो हजारों जहाजों का रास्ता बदल सकता है। अब चीन ने दक्षिण के जोखिम भरे रास्ते की जगह 20 दिन में यूरोप पहुंचने वाला आर्कटिक समुद्री रास्ता इस्तेमाल करने का फैसला किया है। अभी चीन से यूरोप जाने वाले बड़े कंटेनर जहाजों को आमतौर पर दक्षिण की ओर जाना पड़ता है। हिंद महासागर, अरब सागर, लाल सागर और फिर स्वेज नहर के जरिए भूमध्य सागर पार करके यूरोप पहुंचा जाता है लेकिन उत्तरी जल मार्ग में रास्ता उल्टा है। जहाज चीन के उत्तरी हिस्से से निकलकर रूस के साइबेरियाई तट के ऊपर से आर्कटिक महासागर में जाते हैं और फिर यूरोप की तरफ नीचे आते हैं यानी दुनिया के नक्शे पर चीन से यूरोप जाने के लिए जो रास्ता नीचे की तरफ जाता है, उसकी जगह चीन अब ऊपर से जाने वाला रास्ता तलाश रहा है। चीन लंबे समय से इस बात को लेकर चिंतित रहा है कि उसके व्यापार और ऊर्जा आयात का बड़ा हिस्सा कुछ समुद्री रास्तों पर निर्भर है। इसे चीन की मलक्का दुविधा से भी जोड़कर देखा जा सकता है। मलक्का एशिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है।

## ऑफ बीट

# तिरंगे के साथ 13 हजार फीट से छलांग, रचा इतिहास



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहने वाले तीन भारतीय उन 65 स्काईडाइवर्स में शामिल रहे, जिन्होंने लीबिया में 13,000 फीट की ऊंचाई से एक साथ छलांग लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। सभी स्काईडाइवर्स अपने-अपने देशों के राष्ट्रीय ध्वज लेकर विमान से कूदे थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 14 अगस्त को इस उपलब्धि की आधिकारिक पुष्टि की। रिपोर्ट के मुताबिक केरल के कन्नूर निवासी जमशीर थनालोट, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी अभिषेक रावत और बिहार के पटना की ईशा राज इस अभियान में शामिल तीन भारतीय थे। यह रिकॉर्ड सात अगस्त को बनाया गया। इस दौरान करीब 38 देशों के स्काईडाइवर्स ने सैन्य विमान इल्यूशिन इल-76टीडी से छलांग लगाई। 65 स्काईडाइवर्स का एक ही विमान से अपने-अपने राष्ट्रीय ध्वज के साथ एक साथ छलांग लगाना नया विश्व रिकॉर्ड है। भारतीय प्रतिभागियों ने छलांग के दौरान तिरंगा लहराया। यह प्रयास भारत के स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले किया गया, जिससे इसमें देशभक्ति का भाव भी जुड़ गया। तीनों भारतीय यूएई के स्काईडाइविंग समुदाय का हिस्सा हैं। वे पांच अगस्त को लीबिया पहुंचे थे और अंतिम प्रयास के लिए मंजूरी मिलने से पहले तीन अभ्यास छलांग लगाई थी।

# बस्तर में कनेक्टीविटी बढ़ाने विशेष जोर, सड़कों और पुल-पुलियों के काम दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश

## सभी ठेकेदारों को 10 सितम्बर तक कार्य प्रगति दिखाने कहा, काम नहीं करने वालों को ब्लैकलिस्ट कर अनुबंध निरस्त करने के निर्देश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर. - राज्य शासन बस्तर में सड़क कनेक्टीविटी के विस्तार पर विशेष जोर दे रही है। बस्तर संभाग के सभी जिलों में निमार्णाधीन सड़कों और पुल-पुलियों की प्रगति की लगातार समीक्षा के साथ ही इन्हें तेजी से पूर्ण करने कार्यों की गहन मॉनिटरिंग की जा रही है। लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार बंसल ने आज वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ बस्तर परिक्षेत्र के अभियंताओं और ठेकेदारों की बैठक लेकर निमार्णाधीन सड़कों, पुल-पुलियों और भवनों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में भारत सरकार के आर.आर.पी. और आर.सी.पी. एल. डब्लू. ई.ए. के अंतर्गत प्रगतिरत सड़कों और पुल-पुलियों को आगामी दिसम्बर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने नवा रायपुर में पीडब्लूडी मुख्यालय ह्लनिर्माण भवनह्न में आयोजित बैठक में अधिकारियों को सभी कार्यस्थलों का नियमित निरीक्षण कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने हर 15 दिनों में प्रगति की समीक्षा करने को कहा। उन्होंने बैठक में ठेकेदारों से चर्चा कर कार्यस्थलों में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने इनके त्वरित निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। श्री बंसल ने लोक निर्माण विभाग के बस्तर परिक्षेत्र के सभी 9 संभागों में काम कर रहे ठेकेदारों को 10 सितम्बर तक कार्य प्रगति दिखाने को कहा। उन्होंने निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने वालों को ब्लैकलिस्ट कर उनके अनुबंध निरस्त करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने बैठक में सभी मैदानी अधिकारियों



को सप्ताह में दो-तीन दिन कार्यस्थलों का दौरा कर निर्माण सामग्री और निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने ठेकेदारों से समन्वय कर टाइमलाइन के अनुसार कार्यों की प्रगति भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जांच कर नियमित भुगतान भी करने को कहा। श्री बंसल ने अनुबंध के अनुसार कार्यक्षेत्रों में सभी ठेकेदारों से प्लांट व मशीनरी लगवाने को कहा। उन्होंने प्लांट व मशीनरी नहीं लगाने वाले ठेकेदारों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विभागीय सचिव ने बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 और 2026-27 के प्राथमिकता वाले कार्यों के प्राक्कलन सबमिशन की जानकारी ली। उन्होंने द्रुतगामी सड़कों तथा पहुंचविहीन गांवों को जोड़ने के लिए प्रस्तावित सड़कों व पुलों के प्राक्कलन की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत नए कार्यों में भू-अर्जन और वन-व्यपवर्तन के लंबित मामलों की जानकारी शासन को भेजने के निर्देश दिए, ताकि इनके निराकरण की कार्यवाही उच्च स्तर से की जा सके। उन्होंने निर्माण कार्यों, आयोजनों एवं कार्यक्रमों के बिलों का भुगतान तत्परता से एक माह के भीतर सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी संभागों में अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन, विभागीय जांच तथा न्यायालयीन मामलों के निपटारे की प्रगति की भी समीक्षा की। श्री बंसल ने बरसात के बाद पेच रिपेयर के कार्यों को युद्धस्तर पर शुरू करने 30 सितम्बर तक एजेंसियों के निर्धारिण के लिए निविदा की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुचारू आवागमन के लिए सड़कों के गड्ढों को तत्काल भरने को कहा। उन्होंने ठेकेदारों के माध्यम से परफॉमेंस गांरटी वाली सड़कों की भी तत्परता से मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्षा ऋतु की समाप्ति के बाद बाढ़ एवं अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़कों एवं पुल-पुलियों की स्थायी मरम्मत के काम सर्वोच्च प्राथमिकता से करने को कहा। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सेवा सेतु तथा लोक सेवा गांरटी के प्रकरणों को भी समय-सीमा में सक्रियता से निराकृत करने के निर्देश दिए।

# कांवड़ यात्रा में महिला पर एसिड अटैक, चेहरा जला :2 बच्चे भी झुलसे

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

दुर्ग- नंदिनी थाना क्षेत्र में कावड़ यात्रा में शामिल महिला और उसके दो बच्चों पर मोटरसाइकिल सवार आरोपी ने एसिड फेंक दिया। हमले में महिला का चेहरा और गला झुलस गया, जबकि दोनों बच्चे भी घायल हुए हैं। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी महेश दास बैरागी को गिरफ्तार कर लिया है। नंदिनी थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार आरोपी ने कावड़ यात्रा में निकली महिला और उसके दो बच्चों पर एसिड फेंककर घायल कर



दिया। घटना के बाद घायल महिला और बच्चों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी का इलाज जारी है। पुलिस ने घटना के बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को मजबूत करने राज्य स्तरीय टेबल टॉप एक्सरसाइज हुई आयोजित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर, - छत्तीसगढ़ में बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने तथा विभिन्न विभागों और संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आज मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में राज्य स्तरीय टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की गई। एक्सरसाइज के दौरान बाढ़ प्रबंधन नीतियों, एवं बाढ़ के दौरान प्रभावितों को त्वरित सहायता पहुंचाना, मौसम विज्ञान और जल संसाधन विभाग का आवश्यक समन्वय, बाढ़ की स्थिति में निगरानी, चेतावनी एवं सार्वजनिक सूचना प्रणाली के माध्यम से डाऊन स्ट्रीन के गांवों को पहले से सचेत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी तरह से बाढ़ आपदा के समय एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, नगर सेना एवं अन्य बचाव दलों में आपसी समन्वय पर चर्चा हुई। बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत कैंप की व्यवस्था एवं प्रभावितों के लिए जरूरी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के लिए मेडिकल टीम की तैयारियों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी साझा की गई। बैठक में सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, श्रीमती शम्मी आबिदी ने कहा कि आपदा की स्थिति में फील्ड स्तर पर कार्य करने वाले सभी कर्मियों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों की स्पष्ट जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विभागों के बीच समन्वय में किसी भी प्रकार की कमी या गैप को समय रहते दूर किया जाए तथा प्रत्येक विभाग अपनी भूमिका को स्पष्ट रूप से समझते हुए प्रभावी ढंग से कार्य कर सके, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने आपदा के दौरान त्वरित निर्णय, संसाधनों के बेहतर उपयोग और सभी संबंधित विभागों के बीच मजबूत समन्वय पर विशेष जोर दिया। एनडीआरएफ के अधिकारियों ने बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश एवं जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया गया। अभ्यास के दौरान बाढ़ की संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पूर्व चेतावनी एवं सूचना प्रणाली, राज्य बाढ़ कार्य योजना, बाढ़ प्रबंधन, राहत एवं बचाव की रणनीति तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग और केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त मौसम एवं जल स्तर संबंधी पूर्वानुमानों के आधार पर समय पर चेतावनी जारी करने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के विषय पर भी विचार-विमर्श हुआ।

# अघोरपीठ गम्हरिया आश्रम में 23 अगस्त को लगेगा निःशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर, वर्षों से गरीब एवं आदिवासी क्षेत्र के लोगों की सेवा में जुटा बाबा भगवान राम ट्रस्ट

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुर - जिले के ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए कार्य कर रहे बाबा भगवान राम ट्रस्ट, जशपुर द्वारा अघोरपीठ, वामदेव नगर, गम्हरिया आश्रम में आगामी 23 अगस्त 2026, रविवार को निःशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मिर्गी रोग से पीड़ित मरीजों को फकीरी एवं आयुर्वेदिक पद्धति से तैयार औषधियां उपलब्ध कर उपचार किया जाएगा। शिविर का आयोजन रविवार को सुबह से सूर्योदय से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि संस्था लगातार कई वर्षों से गरीब, जरूरतमंद और आदिवासी क्षेत्र के लोगों की सेवा में सक्रिय है। विशेष तिथियों एवं अवसरों पर मिर्गी रोग से संबंधित निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनमें जशपुर जिले के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी मरीज पहुंचते हैं।

### दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचते हैं मरीज

अघोरपीठ गम्हरिया आश्रम में आयोजित होने वाले इन शिविरों में मरीजों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा के साथ आश्रम द्वारा निर्मित फकीरी एवं आयुर्वेदिक औषधियों के माध्यम से उपचार की व्यवस्था की जाती है। ट्रस्ट के अनुसार, दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले कई मरीज नियमित रूप से शिविर में पहुंचकर




उपचार प्राप्त कर रहे हैं। मरीजों एवं उनके परिजनों द्वारा उपचार से लाभ मिलने की बात भी बताई जाती है। शिविर के आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाना और ऐसे मरीजों को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना है, जिन्हें इलाज के लिए दूर शहरों तक जाना कठिन होता है।

### शनिवार को पहुंचने की अपील

आयोजकों ने बताया कि रविवार को सुबह 4 बजे से सूर्योदय तक ही दवा दिए जाने की व्यवस्था है। इसलिए मरीजों को 22 अगस्त, शनिवार को ही आश्रम पहुंचने की अपील की गई है। बाहर से आने वाले मरीजों के लिए ट्रस्ट की ओर से रात्रि विश्राम एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था भी की जाएगी। मरीजों से अपने साथ एक सहयोगी को लाने के लिए कहा गया है। साथ ही आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि यह दवा गर्भवती महिलाओं के लिए नहीं है।

### जशपुर के साथ कई राज्यों से पहुंचने की सुविधा

अघोरपीठ गम्हरिया आश्रम जशपुर पहुंचने के लिए आयोजकों ने विभिन्न मार्गों की जानकारी भी दी है। अंबिकापुर से जशपुर की दूरी करीब 140 किलोमीटर, बिलासपुर से करीब 356 किलोमीटर, रायपुर से करीब 480 किलोमीटर, रांची से करीब 150 किलोमीटर तथा झारसुगुड़ा से जशपुर की दूरी करीब 160 किलोमीटर बताई गई है।

### निःशुल्क शिविर से जरूरतमंदों को राहत

ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र में लंबे समय से सेवा कार्य कर रहे बाबा भगवान राम ट्रस्ट की इस पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिल रही है।

# तिरंगे की वर्षा, बच्चों का सेल्फी पॉइंट और डिजिटल प्रदर्शनी से खास बना स्वतंत्रता दिवस

**शासकीय प्राथमिक शाला पैकू में देशभक्ति, विज्ञान, इतिहास और जनसहभागिता का दिखा अनूठा संगम**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुर, - शासकीय प्राथमिक शाला पैकू में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न होकर बच्चों की प्रतिभा, वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और देशप्रेम का जीवंत उत्सव बन गया। विद्यालय द्वारा प्रस्तावित सभी विशेष गतिविधियों में बच्चों, अभिभावकों और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर आकर्षक नृत्य एवं भावपूर्ण प्रस्तुति दी। बच्चों ने तिरंगा लेकर भारत की एकता, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और



देश के प्रति अपने प्रेम को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। खुले मैदान में हुए इस प्रदर्शन ने उपस्थित लोगों में देशभक्ति की नई ऊर्जा भर दी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यालय में बच्चों और शिक्षकों द्वारा तैयार किया गया चलता-फिरता वाटर साइकिल मॉडल रहा। इसमें सूर्य की गर्मी, वाष्पीकरण, संघनन, बादल निर्माण, वर्षा और जल-संग्रहण की प्रक्रिया को जीवंत रूप में दिखाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर काले बादल से केसरिया, सफेद और हरे रंग की पानी की बूँदें गिरती दिखाई गईं। बच्चों ने स्वयं अभिभावकों और ग्रामवासियों को मॉडल की कार्यप्रणाली समझाई। ग्रामीणों ने बच्चों की प्रस्तुति को ध्यानपूर्वक सुना और उनके आत्मविश्वास तथा वैज्ञानिक समझ की सराहना की।

# त्यौहारी सीजन में मिलावटखोरी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों के विरुद्ध खाद्य एवं औषधि प्रशासन की सख्ती

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर - रक्षाबंधन सहित आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए छत्तीसगढ़ में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा ह्लबने खाबो-बने रहिबो 2.0ह्व सात दिवसीय विशेष जन-जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के प्रथम दिवस 17 अगस्त को प्रदेश के विभिन्न जिलों में मिठाई दुकानों, होटल-रेस्टोरेंट, कन्फेक्शनरी, थोक विक्रेताओं, खाद्य निर्माण इकाइयों एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का व्यापक निरीक्षण एवं नमूना संकलन किया गया। अभियान का उद्देश्य केवल मिलावटखोरी के विरुद्ध कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य निर्माण, उचित लेबलिंग, व्यक्तिगत स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण तथा उपभोक्ताओं को जागरूक करना भी है।

### महासमुंद में एनालॉग पनीर के विरुद्ध देर रात बड़ी कार्रवाई

महासमुंद जिले के भलेसर रोड स्थित वैद्य फूड प्रोडक्ट फैक्टरी में एनालॉग पनीर निर्माण संबंधी शिकायत पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा देर रात छापामार कार्रवाई की गई। लगभग तीन घंटे चली कार्रवाई में परिसर की गहन जांच की गई तथा मौके पर उपलब्ध लगभग 300 किलोग्राम तैयार पनीर को कोल्ड स्टोरेज में रखकर सील किया गया। पनीर के नमूने की जांच की कार्रवाई नियमानुसार आगे की जाएगी तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई निर्धारित होगी।

### प्रदेश के विभिन्न जिलों में व्यापक नमूना संकलन एवं निरीक्षण

रायपुर के डूमरतराई होलसेल मार्केट से सोन केक, गुलाब जामुन एवं रसगुल्ला के 03 विधिक नमूने लिए गए।

दुर्ग में कन्फेक्शनरी दुकानों का निरीक्षण कर 02 विधिक एवं 02 निगरानी नमूने संकलित किए गए।

बालोद में पनीर, खोवा एवं बूंदी लड्डू के 03 विधिक नमूने लिए गए तथा प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई के निर्देश दिए गए।

बिलासपुर में मिथ्याछाप पाए गए बर्फी के 23 कार्टून, लगभग 102 किलोग्राम माल को सीज कर नमूना जांच हेतु भेजा गया। अन्य प्रतिष्ठान से खस्ता मिठाई का नमूना



भी लिया गया।

कोरबा में मैसूर पाक एवं नारियल लड्डू के विधिक नमूने लिए गए तथा लगभग 10,000 मूल्य के मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ जब्त कर सुरक्षित अभिरक्षा में रखे गए।

रायगढ़ में खोवा, कलाकंद एवं पैक्ड नारियल लड्डू के नमूने लिए गए। बिना लेबल खाद्य पदार्थों के विक्रय एवं खरीद पर भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

कांकेर में पेड़ा का 01 विधिक तथा गठिया एवं बूंदी के 02 निगरानी नमूने लिए गए।

राजनांदगांव में पनीर का विधिक तथा दही, पेड़ा एवं लड्डू के निगरानी नमूने लिए गए।

कबीरधाम में खोया बर्फी एवं पनीर के विधिक नमूने संकलित किए गए।

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में कन्फेक्शनरी मिठाई, घी, चॉकलेट/फ्रूट जैली एवं समोसा सहित कुल 04 विधिक नमूने लिए गए।

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में कन्फेक्शनरी का विधिक नमूना तथा सीएम पोर्टल से प्राप्त शिकायत के आधार पर 01 विधिक एवं 01 निगरानी नमूना लिया गया।

सुकमा, बस्तर, सरगुजा एवं सूरजपुर सहित अन्य जिलों में होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ में विभिन्न मिठाई दुकानों, होटल एवं फल दुकानों का निरीक्षण कर मिलावटी अथवा भ्रामक खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय से बचने की सख्त हिदायत दी गई।

### अखबारी कागज एवं प्रतिबंधित रंगों के उपयोग पर चेतावनी

अभियान के दौरान खाद्य पदार्थों को रखने अथवा पैक करने में अखबारी कागज का उपयोग नहीं करने तथा खाद्य पदार्थों में प्रतिबंधित रंगों का प्रयोग नहीं करने के संबंध में व्यापारियों एवं खाद्य व्यवसाय संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

### स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा पर विशेष जोर

अभियान के दौरान सभी खाद्य प्रतिष्ठानों को परिसर की साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, वैद्य खाद्य लाइसेंस/पंजीयन रखने, कालातीत खाद्य पदार्थों का विक्रय/भंडारण नहीं करने तथा खाद्य पदार्थों को संदूषण से बचाने के निर्देश दिए गए। संदिग्ध मिलावट, अमानकता, मिथ्याछाप अथवा अस्वच्छ परिस्थितियां पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं संबंधित नियमों/विनियमों के अंतर्गत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### उपभोक्ताओं से अपील

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि त्यौहारी सीजन में मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थ खरीदते समय निर्माण तिथि, उपयोग की अवधि, लेबल, पैकेजिंग एवं ऋररअक लाइसेंस/पंजीयन की जानकारी अवश्य देखें। संदिग्ध गुणवत्ता, मिलावट या खाद्य सुरक्षा संबंधी किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल खाद्य एवं औषधि प्रशासन को दें। 'बने खाबो-बने रहिबो 2.0' अभियान के माध्यम से विभाग का संदेश स्पष्ट है त्योहारों की खुशियां सुरक्षित और शुद्ध खाद्य पदार्थों के साथ ही मनाएं।

## एसपी ने पुलिस अधिकारी व जवानों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**बोले-नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में निभाएं सक्रिय भूमिका**



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** मंगलवार को यहां पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने और युवाओं को नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने का भी प्रण किया। जिला मुख्यालय के अलावे समस्त थाना-चौकी में भी वहां के प्रभारियों के द्वारा अधिनस्थों को नशामुक्ति की राष्ट्रीय शपथ दिलाया है।पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने जोर दिया कि नशे के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई के साथ-साथ जन जागरूकता और सामूहिक सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# मुख्य न्यायाधिपति ने किया न्यायिक आवासीय परिसर एवं न्यायाधीश बंगले का वर्चुअल उद्घाटन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा जिला न्यायालय सूरजपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेतु नवनिर्मित बंगला एवं न्यायिक अधिकारियों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा के साथ सरगुजा जिले के पोर्टफोलियो जज न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू एवं जिले के पोर्टफोलियो जज न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल वर्चुअल



माध्यम से उपस्थित रहे। समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश थॉमस एक्का सहित जिले के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अधिवक्तागण एवं जिला न्यायालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीपति श्री सिन्हा ने नवनिर्मित आवासीय भवनों के लिए न्यायिक अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होने से उनके कार्य-परिवेश में सुविधा एवं सकारात्मकता आएगी तथा न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलेगी।

नवनिर्मित आवासीय परिसर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आवासीय बंगले के उद्घाटन से जिला न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों को बेहतर एवं सुविधायुक्त आवासीय सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश थॉमस एक्का ने मुख्य न्यायाधिपति एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## रेडिया नदी में बहता मिला युवक का शव, हत्या या हादसा, जांच में जुटी पुलिस



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**चांदनी बिहरपुर।** क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के बीच मंगलवार को रेडिया नदी में एक युवक का शव बहता मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रामसुभग पण्डो ग्राम कछवारी के रूप में हुई है, जो बलियारी के पास घर बनाकर मजदूरी करता था। ग्रामीणों के अनुसार सुबह बलियारी के समीप उफनाई रेडिया नदी में एक शव बहता दिखाई दिया। तेज बहाव के कारण शव जुडवनिया तक पहुंच गया, जहां ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर उसे नदी से बाहर निकाला। हालांकि तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही महोरसोप पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू की।

**बारिश से उफान पर है रेडिया नदी**

चांदनी बिहरपुर क्षेत्र में पिछले दो दिनों से लगातार तेज बारिश हो रही है। पहाड़ी इलाकों से पानी आने के कारण रेडिया नदी का जलस्तर बढ़ गया है और कई स्थानों पर तेज बहाव बना हुआ है। ऐसे हालात में यह सवाल भी उठ रहा है कि कहीं युवक बारिश के दौरान नदी पार करते समय बह तो नहीं गया। घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रामसुभग बलियारी में रहकर मजदूरी करता था और नियमित रूप से वहीं रहता था। ऐसे में उसका शव नदी में कैसे पहुंचा, यह सबसे बड़ा सवाल बना हुआ है। पुलिस हत्या की संभावना सहित सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

**पीएम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगी स्थिति**

महोरसोप चौकी प्रभारी कमलेश पाठक ने बताया कि रेडिया नदी में शव मिलने की सूचना पर मर्ग कायम कर लिया गया है। पुलिस टीम घटनास्थल पर जांच कर रही है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मौत डूबने से हुई या किसी अन्य कारण से। फिलहाल पुलिस हर एंगल से विवेचना में जुटी हुई है।

## केंद्र सरकार के श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ भा.म. संघ ने किया प्रदर्शन, निकली रैली, सौंपा ज्ञापन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** केंद्र सरकार के श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ बीएमएस यूनियन के आह्वान पर कोल फेडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री सुजीत सिंह के नेतृत्व में देशव्यापी आंदोलन के तहत विभिन्न मांगों को लेकर यहां जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा गया। यहां बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन कर श्रम कानून में श्रमिक




विरोधी प्रावधानों को हटाने, स्कीम कर्मी के मानदेय में वृद्धि, ग्रेज्युटी की सीमा बढ़ाकर चार लाख करने, संविदा कर्मचारियों को समान काम का समान वेतन लागू करने, ईएसआईसी का वेतन सीमा इक्कीस हजार से बढ़ाकर बयालिस हजार करने, बोनस की गणना के लिए अधिकतम वेतन सीमा को सात हजार से बढ़ाकर अट्ठारह हजार करने, न्यूनतम ईपीएफ वेतन सीमा को प्रंदह हजार से बढ़कर तीस हजार करने, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने, बोनस पात्रता वेतन को इक्कीस हजार से बढ़ाकर बयालिस हजार करने आदि प्रमुख मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर मांगो के समर्थन में नारेबाजी करते हुए विशाल रैली निकाली गई और प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के सभी अनुषांगिक संगठन के ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

## जिले में बने खाबो - बने रहिबो 2.0‘‘ अभियान शुरू, आठ प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए अमानक और असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने



के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा ‘बने खाबो - बने रहिबो 2.0‘‘ सात दिवसीय जन जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के परिपालन में जिले में भी अभियान की शुरुआत कर दी गई है, जिसके अंतर्गत मिष्ठान भंडारों एवं होटलों में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता तथा स्वच्छता की सघन जांच की जा रही है।अभियान के प्रथम दिवस अभिहित अधिकारी श्रीमती पुष्पा राज चौहान एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामप्रकाश जायसवाल तथा सुश्री दीपा साहू की संयुक्त टीम ने जिले के पंडित स्वीट्स, गोलू स्वीट्स, बाबा होटल, गुड्डू स्वीट्स, बंसल स्वीट्स, मद्रास होटल, राजस्थानी होटल एवं दिलीप होटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान संचालकों को साफ-सफाई बनाए रखने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।टीम द्वारा आवश्यकता पड़ने पर संदिग्ध खाद्य पदार्थों को रोकने, हटाने, जब्ती करने एवं अन्य विधिसम्मत कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जांच के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान में मिलावट अथवा अमानक खाद्य सामग्री पाए जाने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। प्रतिदिन सघन जांच एवं कार्यवाही की जाएगी तथा यह अभियान रक्षाबंधन पर्व तक निरंतर जारी रहेगा। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे मिष्ठान एवं खाद्य सामग्री की खरीदी करते समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की शिकायत की सूचना खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को देने का आग्रह किया गया है।

# रेडक्रॉस सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में रेडक्रॉस सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के, सभापति श्री ओम प्रकाश जायसवाल, राज्य प्रबंध समिति प्रतिनिधि श्री बलवंत सिंह के उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने प्रबंध समिति के सदस्यों का परिचय प्राप्त किया तथा आगामी दिनों में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा किए जाने वाले जनसेवा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।



जिला रेड क्रॉस सोसायटी की बैठक में मानव सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में टीबी मरीजों की सहायता के लिए फूड बास्केट उपलब्ध कराने तथा अधिक से अधिक लोगों को निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित करने पर चर्चा हुई। बैठक में स्कूल एवं कॉलेजों में रेड क्रॉस की गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए, ताकि विद्यार्थियों एवं युवाओं को मानव सेवा, रक्तदान, आपदा सहायता तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों के प्रति जागरूक एवं सहभागी बनाया जा सके।

बैठक में वयोवृद्ध एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सीनियर सिटीजन क्लीनिक प्रारंभ किए जाने के प्रस्ताव पर विशेष रूप से चर्चा की गई। वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य समस्याओं के लिए सुलभ एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप नियमित स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा विकसित करने पर विचार-विमर्श किया गया। सीनियर सिटीजन क्लीनिक के माध्यम से बुजुर्गों को एक ही स्थान पर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श, जांच एवं उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल किए जाने पर चर्चा हुई। साथ ही आयुष पद्धति के माध्यम से भी वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर एवं समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा किया गया, ताकि आवश्यकता के अनुरूप आयुर्वेद, योग एवं अन्य आयुष चिकित्सा पद्धतियों का लाभ उन्हें मिल सके।

जिले में समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने तथा जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएगा।

बैठक में जिले में प्राथमिक सहायता के लिए मास्टर ट्रेनर उपलब्ध कराने की मांग किए जाने के साथ ही क्विक रिस्पॉन्स टीम में रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्यों को जोड़ने पर चर्चा की गई। प्राथमिक सहायता एवं अन्य आवश्यक प्रशिक्षणों के लिए विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्यों ने रेड क्रॉस सोसायटी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव एवं विचार भी प्रस्तुत किए। सदस्यों ने समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सेवा गतिविधियों का लाभ पहुंचाने तथा रेड क्रॉस की सामाजिक सहभागिता को और मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में आगामी महत्वपूर्ण दिवसों के लिए कार्ययोजना तैयार कर गतिविधियां आयोजित करने पर भी चर्चा की गई।बैठक में समिति के सदस्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विजय कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ’ से बेटियों के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक हुए विद्यार्थी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित ‘बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ’ अभियान के तहत जिले के विकासखंड रामानुजनगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परशुरामपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बालिकाओं के अधिकार, महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े कानूनों, शासन की योजनाओं तथा हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन एवं नारा लेखन प्रतियोगिता भी कराई गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। जागरूकता सत्र में घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, मासिक धर्म स्वच्छता तथा बाल विवाह जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। बाल विवाह से होने वाले सामाजिक एवं व्यक्तिगत दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकने के लिए जागरूक रहने और इसकी सूचना संबंधित माध्यमों तक पहुंचाने की



समझाइश दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को 1098, 181, 112 एवं 1930 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। आपात स्थिति, महिला एवं बाल सुरक्षा, घरेलू हिंसा अथवा साइबर अपराध से संबंधित परेशानी होने पर इन सेवाओं के माध्यम से सहायता एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

इस अवसर पर नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना एवं सखी वन स्टॉप सेंटर सहित महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी कानूनों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की कैरियर काउंसलिंग भी की गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने, उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी रखने तथा बेहतर करियर के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जागरूकता संबंधी ब्रोशर का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला सशक्तिकरण हब से वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ सुश्री फरजाना, जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती पूनम राजवाड़े, साइबर सेल से रॉय सिंह, विद्यालय के प्राचार्य चन्द्र विजय सिंह, नरेन्द्र कुमार शुक्ला, श्रीमती श्वेता, श्रीमती मीथिला राजवाड़े, बालसाय चक्रधर सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कालोनी निर्माण एवं भवन निर्माण के लिए पंजीयन अनिवार्य

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** नगरीय क्षेत्रों में अवैध कालोनियों के निर्माण पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं नागरिकों के हितों की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कालोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बन्धन तथा शर्तें) नियम, 1998 में स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं।

अधिनियम की धारा 339-क के तहत नगरपालिका परिषद अथवा नगर पंचायत क्षेत्र में भूमि को भूखण्डों में विभाजित कर कालोनी विकसित करने वाले व्यक्ति के लिए कालोनाइजर के रूप में पंजीयन अनिवार्य है। इसी प्रकार भवन अथवा अपार्टमेंट का निर्माण कर विक्रय या अंतरण करने वाले भवन निर्माता को भी पंजीयन प्रमाण-पत्र प्राप्त करना आवश्यक है। अवैध व्यपवर्तन अथवा अवैध कालोनी निर्माण पर धारा 339-ग के तहत तीन से सात वर्ष तक का कारावास तथा न्यूनतम एक लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। न्यायालय द्वारा प्रतिकर राशि का भुगतान करने का आदेश भी दिया जा सकता है। नियमों के अनुसार पंजीयन प्रमाण-पत्र पांच वर्ष के लिए वैध होता है। प्रत्येक कालोनी के विकास कार्य एवं भूखण्ड विक्रय के लिए सक्षम प्राधिकारी से पृथक विकास अनुमति लेना आवश्यक है। आवासीय कालोनियों में कुल भूमि का 15 प्रतिशत क्षेत्र आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित रखना तथा निर्धारित भूखण्डों को विकास कार्य पूर्ण होने तक नगरपालिका के पास बंधक रखना अनिवार्य है। जिला प्रशासन ने कालोनाइजरों एवं भवन निर्माताओं से नियमों का पालन करने की अपील की है। साथ ही नागरिकों से आग्रह किया गया है कि भूखण्ड या भवन खरीदने से पहले कालोनाइजर का पंजीयन, विकास अनुमति, स्वीकृत ले-आउट एवं भूखण्ड की बंधक स्थिति संबंधित नगरीय निकाय से अवश्य जांच लें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनी बाई आ० स्व० अमर साय निवासी शितला वार्ड (अ०पुर), थाना अ०पुर तहसील ने कराया है कि आवेदक के सोनी बाई भसुर दया आ० स्व० रामदयाल की दिनांक 24/06/1970 को स्थान में हुई है। आवेदक के मृत्यू उपरांत मृत्यू का पंजीयक नहीं कराया गया है। अत प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर सरगुजा

**सूचना**

(शिवधरनल सिंह) में SHIVDHARAN SINGH (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी BUDHRAM SINGH गाँव/शहर कनकपुर, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर ने अपना नाम शिवधरन सिंह (पुराना नाम) से बदलकर शिव धरन SHIV DHARAN नया नाम रख लिया है।

(शिव धरन)

**सूचना**

(राम स्वरूप कुशवाहा) में RAM SWAROOP KUSHWAHA (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/ सुपुत्री/पत्नी MUKUNDI LAL KUSHWAHA गाँव/ शहर कनकपुर, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर ने अपना नाम राम स्वरूप कुशवाहा (पुराना नाम) से बदलकर रामस्वरूप (RAMSWAROOP) नया नाम रख लिया है।

(रामस्वरूप)

**सूचना**

(मनोज मडल) में MANOJ MANDAL (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी SUBODH गाँव/शहर सतोषीनगर, तहसील बलरामपुर, जिला बलरामपुर रामानुजगंज ने अपना नाम गनोज कुमार मंडल अपने सर्विस शीट में (पुराना नाम) से बदलकर मनोज मंडल (MANOJ MANDAL) नया नाम रख लिया है।

(मनोज मंडल)

**सूचना**

(राकेश निषाद) में RAKESH NISHAD (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी DURGA PRASAD गाँव/शहर केवट पारा, अडची, नवानगर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा ने अपना नाम राकेश निषाद (पुराना नाम) से बदलकर राकेश कुमार निषाद (RAKESH KUMAR NISHAD) नया नाम रख लिया है।

(राकेश कुमार निषाद)

**सूचना**

(अंकित दुबे) में ANKIT DUBEY (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी OM NARAYAN DUBEY गाँव/शहर गणेशपुर, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर ने अपना नाम अंकित दुबे (पुराना नाम) से बदलकर डॉ. अंकित दुबे (DR. ANKIT DUBEY) नया नाम रख लिया है।

(डॉ. अंकित दुबे)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा ( छ.ग. )**

क्रमांक 330/न.पा.नि./लोनिवि/26-27 अम्बिकापुर दिनांक 17/08/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु कुल राशि रूपये 6.11 लाख (कुल 05 कार्य) के कार्यों की निविदा निर्धारित निविदा प्रपत्र 'अ' में आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्य की निविदा की विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर के वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/ में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर
जिला-सरगुजा ( छ.ग. )

# स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को दी गई ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी

## 1930 हेल्पलाइन और साइबर सुरक्षा टिप्स पर दिया गया जोर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** साइबर अपराधों से बचाव के लिए चलाए जा रहे 'साइबर जागृति अभियान' के तहत सोमवार को जिला सरगुजा के 6 शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। डीआईजी/एसएसपी राजेश अग्रवाल के दिशा-निर्देशन और एएसपी नोडल अधिकारी साइबर सेल रितेश चौधरी के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में लगभग 700 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।




पुलिस टीम ने मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबार, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर, आईटीआई लखनपुर, राजकुमार कॉलेज उदयपुर, पुलिस लाइन हायर सेकेंडरी स्कूल अंबिकापुर, कंप्यूटर सेंटर मणीपुर और कन्या छात्रावास स्कूल रोड में कार्यक्रम आयोजित किया। छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराधों की जानकारी दी गई। विशेष रूप से ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई, क्यूआर कोड ठगी, फर्जी लिंक, एपीके फाइल, फर्जी कस्टमर केयर नंबर, सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी प्रोफाइल, अनजान वीडियो कॉल, सेक्सटॉर्शन और डिजिटल अरेस्ट जैसे तरीकों से बचने के उपाय बताए गए। संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करें, अनजान एपीके फाइल डाउनलोड नहीं करने और किसी के कहने पर क्यूआर कोड स्कैन करने से पहले उसकी जांच करने, सोशल मीडिया पर निजी फोटो-वीडियो डालते समय सावधानी बरतने कहा गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक अभय तिवारी, प्रशिक्षु उप निरीक्षक आशी झा, अनुराग वर्मा, सहायक उप निरीक्षक अनिल पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक और साइबर वॉलंटियर अतुल गुप्ता, विक्की गुप्ता, आस्था गुप्ता मौजूद रहे।

### 1930 पर तुरंत करें शिकायत

छात्राओं को बताया गया कि साइबर ठगी होने पर देरी न करें। तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर शिकायत दर्ज कराएं। इससे ठगी गई राशि को रोकने की संभावना बढ़ जाती है।

### जागरूकता की एक सेल्फी अभियान

कार्यक्रम दौरान 'जागरूकता की एक सेल्फी' अभियान भी चलाया गया। छात्राओं को जागरूकता क्यूआर कोड के माध्यम से साइबर सुरक्षा संदेशों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं ने क्यूआर कोड के साथ सेल्फी भी ली।

# बालक डेढ़ वर्ष का था, तो छोड़कर चली गई थी पत्नी

## मृत्यु के बाद मुआवजा का 15 लाख हड़पने का पिता ने लगाया आरोप

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मोटर दुर्घटना में मृत पुत्र के मुआवजे की राशि को लेकर जशपुर जिले से एक गंभीर शिकायत सामने आई है। माझापारा बगीचा निवासी दुहन राम ने सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक अंबिकापुर के नाम लिखित शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी और मैनपाट निवासी एक युवक ने मिलकर पुत्र की मौत के एवज में न्यायालय से मिली मोटर दुर्घटना दावा का 15 लाख क्षतिपूर्ति राशि फर्जी तरीके से अपने खाते में डलवा लिया।

जानकारी के मुताबिक, दुहन राम के पुत्र अर्जुन की मृत्यु 25 अगस्त 2023 को मोटर दुर्घटना में हो गई थी। इस संबंध में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण कुनकुरी, जिला जशपुर में प्रकरण विचाराधीन था। न्यायालय ने प्रकरण में दुहन




राम के पक्ष में कुल 15 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश पारित किया था। दुहन राम का आरोप है कि, उसकी पत्नी जब पुत्र डेढ़ वर्ष का था, उसी समय साथ छोड़ दी और मोहन बादी निवासी मैनपाट के साथ रहने लगी थी। इसका फायदा उठाकर मोहन बादी ने न्यायालय को गुमराह करते हुए अपना नाम दुहन यादव उर्फ मोहन यादव पिता गेंदालाल के रूप में अंकित करवा लिया। इसके बाद उसके पुत्र की मृत्यु के बाद न्यायालय द्वारा मोटर दुर्घटना के एवज में आवेदक के पक्ष में पारित की गई पूरी राशि को वह अपनी पत्नी राधा से मिलीभगत करके हासिल कर लिया।

दुहन राम ने शिकायत में बताया है कि, बच्चे को छोड़कर पत्नि के जाने के बाद पुत्र का लालन-पालन और भरण-पोषण वह स्वयं किया, इसलिए पुत्र की मृत्यु के बाद मोटर दुर्घटना की राशि का असली हकदार वही है। जब दुहन राम ने राशि को आधा-आधा बांटने के लिए कहा तो मोहन बादी ने उसे धमकी दी और रुपये देने से इंकार कर दिया। दुहन राम ने आईजी और एसपी से मांग की है, दोनों पति-पत्नि के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज करके मुआवजा राशि 15 लाख रुपये वापस दिलाया जाए और कठोर कार्रवाई की जाए। फिलहाल पुलिस की ओर से मामले की जांच के लिए आश्वस्त किया गया है।

# बिना सहमति भाजपा सूची में नाम जोड़ना संगठन की हताशा-कांग्रेस

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के सक्रिय कार्यकर्ता रवि नायक उर्फ रविशंकर नायक को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिना पार्टी प्रवेश कराए अनुसूचित जाति मोर्चा में शामिल कर लिया। रवि ग्राम करजी से कांग्रेस समर्थित उपसरपंच हैं। पूर्व में वे ग्राम करजी के युवा मितान क्लब के कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं, और लुंड्रा विधानसभा के करजी बूथ क्रमांक 169 में बूथ लेवल कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय हैं। रवि नायक ने कांग्रेस के मीडिया सेल प्रभारी अनूप मेहता के साथ राजीव भवन में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि अचानक सोशल मीडिया पर जानकारी मिली कि उन्हें भाजपा के दरिमा मंडल में अनुसूचित जाति मोर्चा का मंत्री बना दिया गया है। इस पर उन्होंने तत्काल लिखित आपत्ति भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र रवि और दरिमा मंडल अध्यक्ष को दी। आपत्ति के बाद भाजपा ने सोशल मीडिया से सूची तो हटा दी, लेकिन इस गड़बड़ी को सुधारने की कोई सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की।



### भाजपा जिलाध्यक्ष से भी की शिकायत

रवि नायक ने कहा कि वे पीढ़ियों से कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। इस गड़बड़ी को ठीक कराने के लिए उन्होंने भाजपा के छोटे-बड़े नेताओं यहां तक कि भाजपा जिलाध्यक्ष से भी मुलाकात की। मई महीने में ही उन्होंने सरगुजा जिला भाजपा अध्यक्ष को इस बारे में अवगत कराया था और शपथपत्र भी देना चाहा था, लेकिन उन्होंने लेने से इंकार कर दिया। उस समय आश्वासन दिया गया कि गलती सुधारी जाएगी, लेकिन अब तक कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई।

### कांग्रेस ने कहा-ऐसे तैयार हो रहा संगठन

इस घटना को लेकर कांग्रेस ने कहा कि 'क्या इसी प्रकार से भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन रही है? यह घटना बतलाती है कि सरगुजा में जमीन पर भाजपा के पास कार्यकर्ता ही मौजूद नहीं हैं और वो दूसरे पार्टी के कार्यकर्ताओं का नाम संगठन की सूचियों में छलपूर्वक शामिल कर संगठन तैयार कर रही है।' रवि नायक ने मीडिया से कहा कि बिना अनुमति नाम जोड़ना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने भाजपा से मांग की है कि इस गलती को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया जाए।

# लमगांव हनुमान मंदिर में चढ़ाया 11 लाख का सोने का मुकुट

## मनोकामना पूरी होने पर पत्थलगांव के भक्त ने किया श्रद्धा अर्पण



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** आस्था और श्रद्धा की एक अनोखी मिसाल सरगुजा के लमगांव हनुमान मंदिर में देखने को मिली। पत्थलगांव निवासी एक हनुमान भक्त ने हनुमान जी को लगभग 11 लाख रुपये का सोने का मुकुट भेंट किया है।

जानकारी के अनुसार, यह भक्त हनुमान जन्मोत्सव के दिन लमगांव मंदिर दर्शन के लिए आया था। उस समय वह किसी पारिवारिक समस्या को लेकर काफी परेशान था। मंदिर में उसने हनुमान जी के सामने मन ही मन अपनी परेशानी रखी और संकट दूर करने की प्रार्थना की। कुछ ही महीनों में उसकी समस्या दूर हो गई।

मनोकामना पूर्ण होने के बाद भक्त ने अपनी खुशी जाहिर करने के लिए गुप्त रूप से आकर हनुमान जी को सोने का मुकुट अर्पित किया। भक्त ने अपना नाम सार्वजनिक नहीं करने की इच्छा जताई है।

इस भेंट से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल है। लोगों का कहना है कि लमगांव हनुमान मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं, इसी कारण दूर-दूर से लोग यहां दर्शन करने आते हैं।

श्री भीमसेन सेवा समिति के पदाधिकारियों ने हनुमान जी से प्रार्थना की, भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करें और क्षेत्र में सुख-समृद्धि बनाए रखें। समिति ने बताया कि मंदिर में दान और भेंट की परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

### जिले में विशेष ग्राम सभाओं का होगा आयोजन कल से

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 (1) (क) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के प्रत्येक ग्रामध्ग्राम पंचायतों में 20 अगस्त 2026 से ग्राम सभा आयोजित करने के आदेश जारी किए हैं। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ख) (3) के तहत विशेष ग्राम सभा में गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा के सदस्यों की शत् प्रतिशत उपस्थिति कराने का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव का होगा। ग्राम सभा की कार्यवाही छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 ख (3) के अनुसार संचालित होगी।

# नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार, ई-रिक्शा जप्त

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** थाना गांधीनगर पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा भी जप्त किया गया है।



मामला थाना गांधीनगर क्षेत्र का है। प्रार्थी ने 17 अगस्त को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि चठिरमा निवासी महेश्वर गुप्ता ने उसकी नाबालिग लड़की के साथ गलत आशय से छेड़छाड़ की है। रिपोर्ट पर धारा 137(2), 74 बीएनएस एवं पोक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। दौरान विवेचना पुलिस टीम ने आरोपी महेश्वर गुप्ता पिता ईश्वरचंद गुप्ता 24 वर्ष, निवासी ग्राम कोटछाल सीतापुरख हाल मुकाम चठिरमा को हिरासत में लिया और पूछताछ की, तो आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिलीप दुबे, प्रशिक्षु उप निरीक्षक भारतीय मार्कण्डेय, सहायक उप निरीक्षक सुभाष ठाकुर, आरक्षक सुरेश पैकरा, मोतीलाल सक्रिय रहे।

# सरगुजा संभाग की छात्राओं ने रायपुर में दी देशभक्ति की शानदार प्रस्तुति

## राज्य स्तरीय समारोह में सरगुजा की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया गौरव

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य राज्य स्तरीय समारोह में सरगुजा संभाग की छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से सरगुजा जिले एवं पूरे संभाग का गौरव बढ़ा है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं ने मंगलवार को कलेक्टर अजीत वसंत से मुलाकात की। कलेक्टर ने छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके अनुशासन, मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा सहित शिक्षक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर अंबिकापुर की 286 छात्राओं ने सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व किया। छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से भारत की गौरवशाली स्वतंत्रता यात्रा, राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, विविधता और देश के प्रति समर्पण की भावना को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने की गौरवपूर्ण भावना को भी शामिल किया गया।



छात्राओं ने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान से लेकर आधुनिक भारत की उपलब्धियों तथा युवा शक्ति के उत्साह को अपनी प्रस्तुति के माध्यम से सजीव रूप दिया। उनकी देशभक्ति, अनुशासन, ऊर्जा और उत्कृष्ट प्रस्तुति की दर्शकों ने करतल ध्वनि से सराहना की। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली थी। इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा डॉ. दिनेश कुमार झा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने कठिन अभ्यास एवं अनुशासन के साथ तैयारी की। प्रस्तुति की कोरियोग्राफी अनुराधा श्रीवास्तव एवं तुषार सरकार ने की। शिक्षा विभाग ने छात्राओं, शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों को इस सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर आज

**छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर।** विकासखंड लखनपुर में आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 19 अगस्त को आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर साप्ताहिक बाजार लखनपुर में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग लखनपुर द्वारा किया जा रहा है। शिविर संचालक आयुष रायपुर के निर्देशन तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशि बाला जायसवाल के मार्गदर्शन' में संपन्न होगा। शिविर प्रभारी डॉ. उमेश कुमार साहू ने बताया कि शिविर में आयुर्वेद एवं आयुष चिकित्सा के विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा। इसमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप, पाचन संबंधी समस्या, जोड़ों एवं हड्डियों के रोग, त्वचा रोग सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में परामर्श उपलब्ध रहेगा। साथ ही शिविर में योग, आहार-विहार, स्वच्छता एवं विभिन्न रोगों की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। आमजन को स्वस्थ जीवनशैली और प्राकृतिक जीवन-पद्धति अपनाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाने का आग्रह किया गया है।

# पीएम आवास 2.0 की सूची में गड़बड़ी का आरोप, कलेक्टर से जांच की मांग

## शिकायतकर्ता बोले-पक्का मकान वालों का नाम, झोपड़ी वाले छूटे

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के सर्वे में अनियमितता को लेकर सरगुजा के जनपद पंचायत बतौली अंतर्गत गंभीर शिकायत लेकर क्षेत्र के ग्रामीण कलेक्टर सरगुजा से मिलने पहुंचे। इनके द्वारा लिखित शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया गया है कि, सर्वे के दौरान ऐसे लोगों के नाम सूची में जोड़ दिया गया, जिनके पास पहले से पक्का मकान है।



शिकायत में कहा गया कि, जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत कपाटबहरी में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए जो सर्वे किया गया उसमें वास्तविक हकदारों को छोड़ दिया गया। जिन परिवारों के पास रहने के लिए झोपड़ी तक नहीं है, उनका नाम सूची से बाहर कर दिया गया, वहीं जिनके पास पहले से पक्के मकान हैं उनका नाम सूची में शामिल किया गया है।

ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराया है कि, सर्वे सूची बनाते समय गांव के सरपंच व सचिव के द्वारा पारदर्शिता नहीं बरती गई। इससे योजना का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं मिल पाया है। शिकायत के साथ इन्होंने कई नामों की सूची भी शामिल की है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और सर्वे में छूटे हुए पात्र परिवारों को सूची में जोड़ा जाए। साथ ही अपात्र लोगों का नाम हटाकर असली हकदारों को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का लाभ दिलाया जाए। फिलहाल इन्हें जिला प्रशासन से मामले में जांच का आश्वासन मिला है।

# कोणार्क वासुदेव विहार में हर्षोल्लास मना स्वतंत्रता दिवस

## तीज पर सावन सुंदरी प्रतियोगिता का आयोजन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के कोणार्क वासुदेव बिहार कॉलोनी, चांदनी चौक में स्वतंत्रता दिवस का समारोह बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। समारोह में कॉलोनीवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष देवेश शुक्ला द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। उन्होंने सभी नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देशभक्ति और देशप्रेम का संदेश दिया।

ध्वजारोहण के पश्चात महिलाओं द्वारा होटल अलंकार ग्रीन में हरियाली तीज 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और मनोरंजक प्रतियोगिताओं से माहौल रंगीन हो गया।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सावन सुंदरी 2026, कोणार्क वासुदेव बिहार प्रतियोगिता रही। इसमें सीनियर ग्रुप में प्रथम मीना शुक्ला, जूनियर ग्रुप में प्रथम अनिता साहू रहीं। आयोजन को सफल बनाने में कॉलोनी की महिलाओं का विशेष योगदान रहा। संचालन में रेखा तायल, अम्बिका गर्ग, मीना शुक्ला, सपना कर, निशु मित्तल, अंकिता सोनी सहित सोनी मित्तल, अनिता प्रियल, शशि, अनिता सिंघल, संगीता पांडे, शिल्पी, सुमन, सुस्मिता, रामबाई, रंजीता, प्रभा, पूनम, गीता, तन्वी, जोया, रिद्धि, सृष्टि एवं समस्त महिला सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित कर तीज की बधाई दी गई।

### बाइक से गिरे अधेड़ की इलाज दौरान मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मोटरसायकल से अनियंत्रित होकर गिरे दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम गोरयापीपर निवासी बुधराम मझवार पिता आनन्द मझवार 52 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक बीते 15 अगस्त को बाइक से ग्राम कुसु जा रहा था। रास्ते में बाइक के अनियंत्रित होने से गिरकर वह जख्मी हो गया था। इसकी सूचना स्वजन को मोबाइल फोन पर मिली और वे उसे मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे थे। अस्पताल प्रबंधन से मिली मौत की सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# मदरसों में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर के मदरसों में भी राष्ट्रीय पर्व का उल्लास देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया।

मदरसा फैजुल अनवार प्राथमिक-पूर्व माध्यमिक शाला, मोमिनपुरा में प्रातः 8 बजे प्रधानपाठक हाजी मिर्जा अशरफ अली बेग ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी गई। प्रधानपाठक ने शहीदों के बलिदान और आजादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को देश के प्रति ईमानदार रहने की सीख दी। इसके बाद शाला के हॉल में बच्चों ने सांस्कृतिक, साहित्यिक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर शिक्षक मो. मुस्तफा सिद्दीकी, इंतेखाब अंसारी, मिर्जा इश्तेयाक अहमद बेग, सलीम रजा, अख्तर अली सहित मोहल्ले के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**मदरसा ख्वाजा गरीब नवाज**

आधुनिक शिक्षा के तहत संचालित इस मदरसे में प्रातः 8 बजे प्रधानपाठिका शाहीन गजाला ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने बच्चों को आजादी की महत्ता बताते हुए इस राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाने और मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के बाद बच्चों में मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान शाला के स्टाफ, अभिभावक और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। दोनों मदरसों में तिरंगे की शान और नारों से माहौल देशभक्ति मय हो गया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर